CMYK

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

■ वर्ष : 8 अंक : 120 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 21 जून, 2023 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 3.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

## महिला थानेदार को 2 करोड़ देने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**जोधपुर(निसं)।** महिला थानेदार को 2 करोड़ देने वाले हिस्ट्रीशीटर दिनेश बंबानी और विक्रम नांदिया को पुलिस ने मंगलवार दोपहर 2 बजे गिरफ्तार किया है। दोनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम है। विक्रम नांदिया ने जोधपुर शहर में 1 फरवरी को वितराग सिटी में फायरिंग की थी। विक्रम नांदिया को जोधपुर के भोपालगढ़ गांव की पहाड़ी से पकड़ा है। झंवर थाने की महिला थानेदार परमेश्वरी से हिस्ट्रीशीटर दिनेश बंबानी के साथ मिलीभगत का आरोप है। उसे भी जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस टीम ने चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये दोनों आरोपी जोधपुर के टॉप 10 बदमाशों में शामिल हैं। गैंगस्टर कैलाश मांजू ने एक ऑडियो और वीडियो जारी करते हुए आरोप लगाया था कि झंवर थानाधिकारी परमेश्वरी ने उसके दुश्मन दिनेश बंबानी से 2 करोड़ रुपए लिए। अब बंबानी उसका मर्डर करवाना चाहता है।

### तीन दिन से पुलिस कर रही थी निगरानी

कमिश्नर रविदत्त गौड़ ने बताया कि विक्रम नांदिया 2 महीने से भोपालगढ़ के गांव की पहाड़ियों पर छिपा था। 5 दिन पहले सूचना मिली थी कि विक्रम गांव के पास पहाड़ी में ही है, जो गांव से करीब 10 किलोमीटर दूर है। इस पर तीन दिन से पुलिस रेकी कर रही थी। इसी बीच इनपुट मिला कि एक व्यक्ति रोजाना विक्रम सिंह के लिए खाना लेकर जाता है। इसी आधार पर पुलिस टीम ने बदमाश को पकड़ने का प्लान बनाया। मंगलवार दोपहर उसे गांव की पहाड़ियों से ही गिरफ्तार किया।

### गांव वाले देते थे पहरा, भाई के होटल से जाता था खाना

डीसीपी ईस्ट अमृता दुहन ने बताया कि विक्रम जिस पहाड़ी पर था उसके चारों तरफ गांव वालों की पहरेदारी थी। पुलिस की डीएसटी (डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम) दूरबीन से निगरानी कर रही थी। गांव में ही नांदिया के भाई बजरंग का होटल है। सुबह-शाम इसी होटल से खाना जाता था। इसी का फायदा उठाते हुए पुलिस ने नांदिया को पकड़ने की रणनीति बनाई।

### दुश्मनी का लिया था बदला

करीब दो वर्ष पहले डाली बाई चौराहे पर ही राकेश मांजू ने विक्रम सिंह नांदिया पर फायरिंग की थी। उसका बदला लेने के लिए विक्रम सिंह नांदिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर 1 फरवरी को राकेश मांजू पर फायरिंग कर दी थी। दिनदहाड़े हुई इस गैंगवार के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई थी। इस घटना के बाद से विक्रम सिंह नांदिया फरार चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

### 11 मार्च 2021 में विक्रम को मारी गोली

11 मार्च 2021 को शिवरात्रि के दिन राकेश मांजू के इशारे पर विक्रम सिंह नांदिया पर गोली चलाई गई। डाली बाई मंदिर के पास हमलावरों ने 8 फायर किए, जिनमें एक गोली विक्रम की कमर पर लगी। इसके बाद से ही दिनेश बंबानी और विक्रम नांदिया राकेश मांजू की हत्या की प्लानिंग कर रहे थे। मांजू के चचेरे भाई सहीराम ने भी दावा किया था कि हमले के दौरान एक ही कार में बंबानी और विक्रम थे। उन्हीं के कहने पर शूटर्स ने राकेश को गोली मारी थी।

# कॉलेज छात्राओं को बस किराया देगी सरकार : अशोक गहलोत

## कॉलेजों में बायोमैट्रिक अटेंडेंस होगी, रिसर्च स्कॉलर्स को हर महीने 20 हजार की फैलोशिप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को अब घर से कॉलेज आने-जाने का बस किराया सरकार देगी। कॉलेज में 10 किलोमीटर से ज्यादा दूरी से आने जाने पर रोज 20 रुपए किराया दिया जाएगा। कॉलेज शिक्षा विभाग इस योजना को चलाएगा। कॉलेज छात्राओं को उनके बैंक खाते में सरकार हर महीने ट्रांसपोर्ट अलाउंस का पैसा ट्रांसफर करेगी। कॉलेज छात्राओं से आवेदन में खाते की डिटेल भरवाई जाएगी, उसी बैंक में यह पैसा ट्रांसफर किया जाएगा। सीएम अशोक गहलोत ने कॉलेज यूनिविर्सटीज में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर स्कीम के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। पहले यह स्कीम स्कूलों में ही लागू थी। अब इसे कॉलेज-यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए भी लागू करने का फैसला किया है। अभी 9 से 12 वीं तक की छात्राओं के लिए घर से 5 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर ट्रांसपोर्ट वाउचर स्कीम काफायदा मिलता है। सीएम ने इस साल के बजट में हायर एजूकेशन में भी ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना लागू करने के लिए घोषणा की थी।



### कॉलेज छात्राओं की बायोमैटिक अटेंडेंस होगी

**कॉलेज आने जाने का किराया देने की योजना के लिए रेगुलर क्लास अटैंड करनी होगी। महीने में 75 फीसदी कॉलेज में उपस्थित वाली छात्राओं को ही इस योजना का फायदा दिया जाएगा। इसके लिए कॉलेज में आधार आधारित बायोमैट्रिक मशीन पर अटेंडेंस होगी। इसके लिए कॉलेजों में बायोमैट्रिक मशीन लगाई जाएंगी। इस पर दो करोड़ रुपए की लागत आएगी। बायोमैट्रिक अटेंडेंस का डेटा वेरिफाई करने के बाद ही हर महीने किराए का पैसा खाते में ट्रांसफर किया जाएगा।**

### प्रदेश के रिसर्च स्कॉलर को हर महीने मिलेगी 20 हजार की फैलोशिप

**गहलोत सरकार प्रदेश के यूनिवसिर्टीज में रिसर्च करने वाले रिसर्च स्कॉलर को हर महीने 20 हजार रुपए तक की फैलोशिप मिलेगी। प्रदेश के छह हजार से ज्यादा रिसर्च स्कॉलर को इसका फायदा मिलेगा। सीएम अशोक गहलोत ने इसके लिए 62 करोड़ रुपए के फंड की मंजूरी दी है।**

## मैंने सांसद निधि से घर बनाया, बेटे की शादी भी की : भाजपा सांसद

जयपुर टाइम्स

**तेलंगाना(एजेंसी)।** भाजपा सांसद सोयम बापू राव ने स्वीकार किया है कि उन्होंने सांसद निधि का इस्तेमाल निजी कामों में किया है। सोयम बापू ने कहा- फंड में 2.5 करोड़ रुपए आए, जिसमें से कुछ रकम क्षेत्र के पार्षदों को दी। मेरे पास निर्वाचन क्षेत्र में घर नहीं था, इसलिए मैंने फंड से अपना घर बनाया। इसी पैसे से मैंने अपने बेटे की शादी भी की। भाजपा सांसद ने कहा कि पहले कई सांसदों ने पूरा फंड अपने निजी कामों में खर्च किया, लेकिन आज पार्टी के कुछ नेता मेरी आलोचना कर रहे हैं। शायद उन्हें पता नहीं है कि मुझसे पहले अन्य लोगों ने इस फंड का किस तरह इस्तेमाल किया। एक कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि, यह पता नहीं चला है कि यह कार्यक्रम कब और कहां हुआ था। यह साल 1993 में शुरू हुई योजना है, जिसमें सांसदों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए फंड दिया जाता है। शुरुआत में सांसद को 5 लाख रुपए दिए जाते थे। यह साल 1993 में शुरू हुई योजना है, जिसमें सांसदों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए फंड दिया जाता है। शुरुआत में सांसद को 5 लाख रुपए दिए जाते थे। 1994-94 में सांसद निधि योजना में खर्च की सीमा एक करोड़ रुपए की गई थी।

## पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा : शंकराचार्य ने पूजा की, राजा ने सोने के झाड़ू से रास्ता बुहारा

जयपुर टाइम्स

**पुरी(एजेंसी)।।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गई है। सबसे आगे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज है। उनके पीछे देवी सुभद्रा का रथ दर्पदलन चल रहा है। आखिर में भगवान जगन्नाथ का रथ है, जिसे नंदीघोष या गरुड़ध्वज के नाम से जाना जाता है। रथ यात्रा में करीब 25 लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान है। भगवान बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ करीब ढाई से तीन किमी दूर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। यात्रा में शामिल लोग रस्सियों के जरिए इन रथों को खींचते हैं। गुंडिचा मंदिर को भगवान की मौसी का घर माना जाता है। इसीलिए रथ यात्रा को गुंडिचा जात्रा भी कहते हैं। हिंदू कैलेंडर के मुताबिक आषाढ़ महीने में शुक्ल पक्ष की दूज को भगवान जगन्नाथ के साथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा निकाली जाती है। शंकराचार्य ने पूजा की, राजा ने सोने के झाड़ू से रास्ता बुहारा रथयात्रा के दिन सुबह मंगला आरती के बाद भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया गया। फिर रथों की पूजा कर बलभद्र, बहन सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को रथ में बैठाया गया। पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने प्रथम दर्शन किए। पुरी राजपरिवार के दिव्यसिंह देव ने रथ के सामने सोने के झाड़ू से बुहारा लगाया। इसके बाद रथ यात्रा शुरू हुई।



### अहमदाबाद में देश की दूसरी सबसे बड़ी जगन्नाथ रथ यात्रा

**भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मंगलवार को देशभर में निकाली जा रही है। ओडिशा के पुरी में होने वाली रथयात्रा के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी रथयात्रा अहमदाबाद के जमालपुर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में होती है। गृहमंत्री अमित शाह ने सुबह जमालपुर जगन्नाथ मंदिर में परिवार समेत मंगला आरती की। अहमदाबाद में रथयात्रा सुबह 7 बजे शुरू हो गई। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल पाहिंद विधि कर रथ यात्रा की शुरुआत की। इससे पहले सुबह 4.30 बजे भगवान को खिचड़ा हुआ। 6.30 बजे भगवान की तीनों मूर्तियों को रथ में विराजमान किया गया।**




## बंगाल पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्स तैनात होंगी : सुप्रीम कोर्ट

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्सेस की तैनाती का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग की याचिका भी खारिज कर दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस मनोज मिश्रा की वेकेशन बेंच ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए कहा- बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। हिंसा के साथ चुनाव नहीं हो सकते। राज्य सरकार और चुनाव आयोग को सेंट्रल फोर्स की तैनाती पर क्या एतराज है। कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग से कहा- स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना आपकी जिम्मेदारी है। फोर्स कहां से आएगी, इसकी चिंता आपको नहीं करनी है।

## भंवरी के शव को ठिकाने लगाने वाला नहीं लगा ठिकाने, खाकी मलती रह गई हाथ

### चलती स्कॉर्पियो का टायर फटा, विशनाराम भागा, घायल ड्राइवर हिरासत में

जयपुर टाइम्स

**जोधपुर(निसं)।** राजस्थान के चर्चित भंवरी देवी हत्याकांड में शव को ठिकाने लगाने वाला हिस्ट्रीशीटर विशनाराम पुलिस के हाथों से बचकर निकल गया। हालांकि उसके ड्राइवर को पुलिस ने दबोच लिया। साथ ही हिस्ट्रीशीटर की फॉर्च्युनर को भी जब्त कर लिया। जोधपुर ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जोधपुर पुलिस की ओर से फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हम लगातार फरार अपराधियों की टॉप 10 सूची जारी कर रहे हैं। इस अभियान के तहत अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है। बता दें कि भंवरी कांड में 10 साल जेल काटने के बाद 2021 में हिस्ट्रीशीटर विशनाराम जमानत पर रिहा हुआ था। रिहा होने के बाद एक बार फिर वह अपराध की दुनिया में सक्रिय हुआ। लेकिन तब तक उसके इलाके में राजू मांजू की गैंग सक्रिय हो चुकी थी। विशनाराम और राजू मांजू की गैंग में रंजिश हो गई। नवंबर 2021 में एक शादी समारोह में जोधपुर ग्रामीण के गांव गिलाकोर में विशनाराम का सामना राजू मांजू से रहो गया था। दोनों में झगड़ा हो गया। इस दौरान कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना के बाद से पुलिस को विशनाराम की तलाश थी। जोधपुर ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सोमवार को ही हिस्ट्रीशीटर विशनाराम पर जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि विशनाराम फलौदी थाना इलाके के मंडला खुर्द इलाके में है। सूचना पर भोजासर थाना पुलिस ने दोपहर 1 बजे के करीब इलाके के रास्तों पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद बिना नंबर प्लेट की एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो मंडला खुर्द की नाकाबंदी से गुजरी। पुलिस ने स्कॉर्पियो को रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर कार को भगा ले गया। इसके बाद भोजासर पुलिस की टीम ने स्कॉर्पियो का पीछा किया। ग्रामीण एसपी ने कहा कि स्कॉर्पियो में हिस्ट्रीशीटर विशनाराम और उसका साथी ड्राइवर श्रवणराम (20) था। पुलिस ने कार रुकवाने के लिए स्कॉर्पियो पर 12 राउंड फायर किए और चलती कार के टायर पर फायर किया। इस दौरान विशनाराम मौके से फरार हो गया।

## अगले पखवाड़े तक आधे देश में होगी भारी बरसात

### बिहार समेत 10 राज्यों में हीटवेव; मानसून के 19 दिन बीते, देश में 33% कम बारिश

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** राजस्थान के अजमेर में सोमवार शाम को भारी बारिश हुई। शहर के अंदर कई जगहों पर पानी भरने के कारण कार बहती हुई नजर आई। मानसून को लेकर एक अच्छी खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 15 दिनों में देश के आधे से ज्यादा राज्यों में बारिश होने लगेगी। इसकी शुरुआत कुछ राज्यों में सोमवार से हो गई। दिल्ली, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के तटवर्ती इलाकों में बारिश हुई और दिन में बादल भी छाए रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान असम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, पश्चिम मध्य प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। आज भी असम, मेघालय, सिक्किम और तमिलनाडु में भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश समेत 10 राज्यों में अगले दो दिन हीटवेव की आशंका है। इन राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। बिपरजॉय तूफान देश में बारिश की कमी को पूरा कर रहा है। सिर्फ उत्तर-पश्चिम भारत में ही कोटे से 37% ज्यादा बारिश हो चुकी है। बिपरजॉय गुजरात और राजस्थान में बीते चार दिनों में इतनी बारिश करा चुका है कि इससे देशभर में कमजोर मानसून के चलते हुई बारिश की कमी में 20% की भरपाई हो गई है। आमतौर पर देश में मानसूनी सीजन 1 जून से शुरू होता है, लेकिन इस बार मानसून केरल 8 दिन देरी से पहुंचा था। इस हिसाब से सीजन के 19 दिन बीत गए हैं, लेकिन मानसून वैसा नहीं बरसा, जैसा उसे बरस जाना चाहिए था। इस सीजन में देश के पूर्वी व उत्तर-पूर्वी हिस्से में 21%, मध्य भारत में 56%, दक्षिण में 61% कम बारिश हुई है। जबकि पूरे देश में यह आंकड़ा 33% है।



### इन राज्यों में हीटवेव की आशंका

*उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अलावा कुछ अन्य राज्यों में भी हीटवेव की आशंका है।*

### इन राज्यों में बारिश का अनुमान

*दिल्ली, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल में गंगा तट वाले हिस्से और उत्तर-पूर्वी 8 राज्यों में अगले 15 दिन में तेज और लगातार बारिश होने की आशंका है।*

# जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक हुई अयोजित

### जनप्रतिनिधियों ने उठाए अपने क्षेत्र के जरूरी मुद्दे

### विकास कार्यो को गति प्रदान करें - जिला प्रमुख

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर की अध्यक्षता में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई जिसमें जिला परिषद मद, मनरेगा योजना, पीएमकेएसवाई, मेवात योजना आदि की डीपीआर तथा कार्य योजना का अनुमोदन किया गया जिस पर जिला प्रमुख ने कहा कि इससे जिले के विकास को गति मिलेगी।

जिला प्रमुख छिल्लर ने बैठक में सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों एवं अवगत कराई गई समस्याओं के संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की जांच कर उसका नियमानुसार निराकरण करावे तथा इसकी सूचना जिला परिषद एवं संबंधित सदस्य को दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विगत बैठक में सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों एवं उनके निराकरण के संबंध में दिए गए निर्देशों की अनुपालना नहीं कराने वाले अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर विकास कार्य एवं योजनाओं को धरातल पर लागू करें। इसमें उदासीनता बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जावेगी।

### बैठक में इन प्रमुख प्रकरणों पर हुई चर्चा

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि लम्पी संक्रमण से गोवंश की मृत्यु पर राज्य सरकार की ओर से दिए जा रहे मुआवजे के प्रकरणों में जो परिवेदनाएं प्राप्त हुई हैं। उनका परीक्षण कराया जाकर पुनः प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जल संचय योजना के तहत अमानक कार्य कराने वाली एजेन्सियों की शिकायतों की जांच की जाए। इस पर जिला परिषद के सीईओ ने कहा कि एसीईओ की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों द्वारा जिले में सीएसआर से विकास कार्य व स्थानीय युवाओं को रोजगार आदि कार्य कराए जाए। रामगढ प्रधान नसरू खान ने अग्यारा बांध के गंदे पानी की वजह से आसपास के लोगों को हो रही परेशानी, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्य वैज्ञानिक तरीके से नहीं करने तथा ट्रीटमेंट प्लान्ट को चालू कराने के संबंध में अवगत कराया जिस पर जिला कलक्टर ने सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में नगर परिषद आयुक्त, प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी, रीको व यूआईटी के अधिकारियों की एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जिला परिषद सदस्यों ने विद्युत ट्रान्सफार्मर तय समय सीमा में बदलवाने, सीहालीखुर्द में विद्युत लाइन शिफ्टिंग का चार्ज जमा होने के पश्चात भी विद्युत लाइन शिफ्ट नहीं होने, पेयजल टंकियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने, ग्राम रूंध सिरावास के स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम अनुपस्थित रहने, ग्राम न्याणा के सरकारी संस्कृत स्कूल में सभी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण होने, रामगढ में पेयजल टैंकर से सप्लाई कार्य कराने, जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को दुरूस्त कराने, श्रम विभाग की योजनाओं में जिन ई-मित्रों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनकी जांच कराने एवं श्रम विभाग के संबंध में बैठक कराने, शाहजहांपुर में बीयर फैक्ट्री द्वारा अत्यधिक पानी के दोहर करने की जांच कराने आदि मुद्दों को उठाया गया। जिस पर जिला प्रमुख ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में उठाए गए प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेकर उनका यथाशीघ्र निस्तारण कर सूचना भिजवाए। जिला परिषद के सीईओ कनिष्क कटारिया ने बताया कि बैठक में 15वें वित्त आयोग की वार्षिक आय योजन 2023-24 के 118 कार्यो हेतु 6.49 करोड रूपये की राशि का अनुमोदन, राज्य वित्त आयोग (षष्ठम) की वार्षिक कार्य योजना 2023-24 के कुल 209 कार्यो हेतु 10.50 करोड़ रूपये की राशि, मनरेगा वर्ष 2022-23 के लिए 5238 कार्यो हेतु 46081.11 लाख रूपये की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन, जिला परिषद की निजी आय के मद के आय व्यय का अनुमोदन, सीएचसी कराणा हेतु 2141 वर्गगज भूमि आवंटन, रा.प्रा.वि नेवाडा के भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत गढी द्वारा 2488 वर्गगज भूमि का आवंटन, रा.मा.वि धनेटा को ग्राम पंचायत गढी द्वारा 2488 वर्गगज भूमि का आवंटन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलावडा केंद्र के भवन निर्माण हेतु 3260 वर्ग गज भूमि आवंटन, ग्राम पंचायत इंद्राडा के भवन पट्टे, रा.उ.मा.वि. जावली की चार दीवारी निर्माण कार्य ग्राम पंचायत मद से कराने, पंचायत समिति किशनगढ़बास के जर्जर पंचायत समिति भवन की नियमानुसार स्वीकृति देकर भवन निर्माण कराने, इसी प्रकार पीएमकेएसवाई की सात पंचायत समितियों एवं 9 पंचायत समितियों में राजीव गांधी जल संचय योजना 2.0 की डीपीआर का अनुमोदन किया गया तथा विभागीय कार्यो के निम्न गुणवत्ता की शिकायतों की जांच हेतु एसीओ की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने का भी निर्णय लिया गया। जिला कलक्टर पुखराज सेन ने बैठक में विश्वास दिलाया कि बैठक में आए प्रत्येक मुद्दे एवं शिकायतों की जांच कराकर नियमानुसार निराकरण कराया जावेगा। बैठक में जिला परिषद की एसीईओ रेखा रानी व्यास, रामगढ़ प्रधान नसरू खान, किशनगढ़बास प्रधान बीपी सुमन, उमरैण प्रधान दौलतराम, मालाखेड़ा प्रधान वीरवती देवी, गोविन्दगढ प्रधान लियाकत खान सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

## अवैध देशी कट्टा 315 बोर सहित आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आनंद शर्मा जिला पुलिस अधीक्षक अलवर ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 19-06-2023 को एक शक्स सोशल मीडिया पर अवैध देशी कट्टा 315 बोर का लहराता हूआ फोटो वायरल कर रहा है । आदि पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपी राजेश यादव पुत्र दयाराम जाति यादव उम्र 30 साल निवासी दरगू का बास बडेर थाना मालाखेडा जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ज़ राजेश यादव पुत्र दयाराम जाति यादव उम्र 30 साल निवासी दरगू का बास बडेर थाना - मालाखेडा जिला अलवर।

**बरामदगी** एक देशी कट्टा 315 बोर ।

**टीम** - दिलीप मीणा आरपीएस (प्रो.) थानाधिकारी, मुकेश कुमार मीणा उ0नि0, जगदीशप्रसाद स. उ.नि. शेरसिह कानि0 1303, सुबहसिंह कानि. न. 506, मानसिंह कानि. न. 01, बालकिशन कानि. न. 1066, ओमप्रकाश कानि. न. 2102, महिला कानि. ममता न. 2196 थाना मालाखेडा जिला अलवर

## सिंधी समाज की मातृशक्ति जेठ माह के चण्ड की विशेष पूजा कर प्रकृति को रिझाया



जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** सिन्धी समाज की ओर से वैसे तो सिन्धी कलैण्डर के अनुसार हर माह के अंतिम दिन पड़ने वाले चण्ड ( चन्द्रमा ) को झूलेलाल मंदिर और घर में विशेष पूजा अर्चना की जाती है किन्तु जेठ माह के चण्ड को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने व खेत खलिहान और जंगल को हरा भरा रखने की मन्नतें मांगी जाती है। इस दिन सिंधी समाज के हर घर में विभिन्न व्यंजन बनाए जाते हैं और मौसम के अनुसार कांटेदार टहनी को आटे को मोदक में खड़ा कर उसमें विभिन्न फलों की फांकों को लगाते हुए चीनी व अक्षत युक्त शुद्ध जल से झूलेलाल भगवान की पूजा की जाती है। जिसमें सिर पर रखे दुप्पटे की झोली फैला कर मन्नतें मांगी गई। हर चण्ड की भांति झूलेलाल मंदिर में बाबा शीतल दास की अगुवाई में सुबह - शाम विविध व्यंजनों का प्रसाद वितरण किया गया और पूजा के बाद पूज्य बहराणा साहिब का आयोजन किया गया। जिसका देर रात को दरिया शाह के समक्ष विधि - विधान से परवान कर पल्लव किया गया।

## हम प्रयास करें तो शहर को पूरी तरह हरा-भरा बना सकते हैं - ट्रस्टी मंजू चौधरी अग्रवाल

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** शहर में डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट ओर निर्मल इंडस्ट्रीज की ओर से पौधरोपण का कार्य जोरों पर चल रहा है। एम आई ए क्षेत्र में स्थित ई.एस.आई.सी हॉस्पिटल परिसर में पिछले कई दिनों से निर्मल इंडस्ट्रीज की ओर से संचालित पौधारोपण अभियान के तहत पौधे लगाये जा रहे हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाये जा रहे हैं। सभी लगाए गए पौधों का नियमित रखरखाव भी किया जाता है व आवश्यकतानुसार उनमें पानी भी दिया जाता है। निर्मल इंडस्ट्रीज की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान पिछले 1 वर्ष से चलाया जा रहा है जिसमें अब तक 190 पौधें और ट्री गार्ड लगा चुके हैं। इनकी ओर से अभी तक 251 पौधें और 150 ट्री गार्ड लगाए गए हैं। डॉ.गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से अलवर शहर में 300 पौधें और 205 ट्री गार्ड लगाए गए हैं। ट्रस्ट की ओर से कंपनी बाग में भी ट्री गार्ड लगाए गए हैं। ट्रस्टी मंजू चौधरी अग्रवाल का कहना है कि हम प्रयास करें तो अलवर शहर को पूरी तरह हरा-भरा बना सकते हैं जिसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। हमें अपने आस-पास पौधें लगाकर उनकी देखभाल की जिममेवारी लेनी होगी जिसके लिए अब बरसात का समय आ गया है।

## उद्योग मंत्री ने हरसोरा सीएचसी का किया औचक निरीक्षण




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने गुरूवार को बानसूर के हरसोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में नियमित साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने के साथ यहां पर कार्यरत चिकित्सा सेवा के चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी आमजन को मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, निरोगी राजस्थान योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा व जांच योजना का लाभ दिलवाने के लिए तत्पर रहे तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना में मरीजों का इलाज किया जावे। उन्होंने सीएचसी में भर्ती मरीजों से बातचीत कर सीएचसी में मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया जिस पर मरीजों ने बताया कि सीएचसी की सभी सुविधाएं अच्छी है। उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया गया है जिसके तहत बडी संख्या में प्रदेश में सीएचसी, पीएचसी खोलने के साथ-साथ चिकित्सालयों की सुविधाओं में विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन के इलाज में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी राहुल सैनी, बीसीएमएचओ डॉ. मनोज यादव, रमेश गुर्जर मौजूद रहे।

## नांगल मौजिया में सांई पुरुषनाराम का वार्षिक मेला भरा

जयपुर टाइम्स



**खैरथल(निसं.)।** समीपवर्ती ग्राम नांगल मौजिया स्थित सांई पुरुषनाराम धाम के वार्षिक मेले में दूर - दूरदराज के लोगों ने भाग लिया तथा सत्संग का आनन्द उठाया। सांई धाम के संत रमेश चंद ने बताया कि समारोह के तहत सुबह दस बजे झंडारोहण, दोपहर 12 बजे भंडारा, शाम को सत्संग के बाद बहराना साहिब किया गया। उसके बाद रात्रि को भंडारा कर सोमवार सुबह पांच बजे पल्लव पाकर मेले का समापन किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच नत्थू मल, प्रदीप लालवानी, वासुदेव दरयानी, राजकुमार केवलानी, राजू, मिर्चूमल, घनश्याम भारती, शीतल दास, गोपी चंद, रमेश चंद सेजवानी, इन्द्र कुमार, सेवा राम, रविन्द्र कुमार आदि ने समारोह की व्यवस्थाएं संभाली।

## शहीद धर्मवीर जैसे योद्धाओं ने देश का नाम रोशन किया है - ललित यादव



जयपुर टाइम्स

**मुंडावर(निसं.)।** हाड़ाहेडी में शहीद ग्रेनेडियर धर्मवीर यादव पुत्र रामचंद्र यादव की 19 वी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव ललित यादव शामिल हुए। इस मौके पर ललित यादव ने समस्त ग्रामवासियों व शहीद परिवारवासियो को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद धर्मवीर जैसे योद्धाओं ने देश का नाम रोशन किया है जिन्होंने अपना खुद नाम अमर करने के साथ साथ हमारे क्षेत्र का नाम रोशन किया है, ये हमारे लिए गौरव की बात होनी चाहिए की हमारा भाई , हमारे क्षेत्र का लाल भारत देश के लिए वीरता को प्राप्त हुआ है जिसने पूरे देश में हमारे क्षेत्र वीरता का परिचय करवाया है। और कहा की खुशनसीब है वो माता जो ऐसे रणवीर को जन्म देकर देश की सेवा करने के लिए भेजती है मै ऐसे अदम्य साहस की प्रतीक माताओं को शीश झुकाकर प्रणाम करता हूं। इस मौके पर प स सदस्य ऋषिराज यादव, सुबेदार हेतराम यादव, हुकम चंद, भूतर यादव, अशोक यादव , सुनील, सोनू ठेकेदार, हव श्योराज, मोनू, संजीव, लक्ष्मण, अमित ,देवराज, रिवदंत, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में हुई संगीत की विशेष कार्यशाला में बही धुनों की बयार

जयपुर टाइम्स




**खैरथल(निसं.)।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित समर कैम्प के पाँचवें दिन महाविद्यालय में अलवर के संस्थान आर्काइव म्यूज़िका की ओर से संगीत की आयोजित विशेष कार्यशाला में सुरों और धुनों की बयार बहने लगी। कार्यक्रम समन्वयक छात्रा रुक्मिणी और राखी ने जानकारी दी कि आरंभ में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के बगीचे में श्रमदान किया तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों ने मतदाता पहचान पत्र बनवाने व निर्वाचन नामावली में नाम जुड़वाने की शपथ ली। संगीत कार्यशाला के प्रथम सत्र में संगीतज्ञ विनीत चतुर्वेदी ने भारतीय संगीत के इतिहास पर प्रकाश डाला और संगीत की विविध शैलियों का परिचय दिया। उन्होंने शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत का अंतर बताते हुए ख्याल गायकी, ग़ज़ल व नज़्म गायन, लोक संगीत से संबंधित विविध गीतों की प्रस्तुति दी। पियानो विशेषज्ञ अनिल सैनी ने विविध प्रकार के वाद्ययंत्रों की विशेषताओं को समझाया और भारतीय और पाश्चात्य संगीत की पृष्ठभूमि का परिचय देते हुए स्वरों का ज्ञान कराया। तबला व गिटारवादक लक्ष्मीनारायण ने गिटार की तारों में छुपे हुए स्वरों का रहस्य समझाया साथ ही तबले के माध्यम से शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ देश की विविध लोकधुनों पर तबला वादन की विविध शैलियों का प्रस्तुतिकरण किया। बाँसुरी वादक वैभव अग्रवाल ने बाँसुरी पर अनेक मनमोहक धुनों की प्रस्तुति दी तथा ऋषि भारद्वाज ने अनेक गीत सुनाकर विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि जाग्रत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक चंदवानी, स्टाफ सदस्य, ओमप्रकाश गुप्ता, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रमेश चंद, वरिष्ठ लिपिक शिवराम मीणा, निजी सहायक सौम्या बारेठ ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करके आभार जताया।

## ब्रह्मलीन संत बाबा कमलनाथ की मूर्ति का अनावरण आज

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम गहनकर में ब्रह्मलीन संत बाबा कमलनाथ की मूर्ति का अनावरण 21 जून को होगा। गहनकर आश्रम के सेवादार किशनगढ़ बास के निवासी मुकेश गुप्ता ने बताया कि ब्रह्मलीन संत बाबा कमलनाथ की मूर्ति उनके आश्रम गहनकर में स्थापित होगी। कार्यक्रम में 19 जून को अखंड रामायण पाठ, 20जून की रात 8 बजे से हरी कीर्तन, 21 जून को प्रातः 7 बजे गांव में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा,10 बजे मूर्ति स्थापना के साथ भंडारे का आयोजन भी रखा है। ब्रह्मलीन संत बाबा कमलनाथ कैंसर जेसे असाध्य रोग का निःशुल्क इलाज करते थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अलवर सांसद बाबा बालक नाथ होंगे।



## टीबी हारेगा-राजस्थान जीतेगा मिशन के सुखद परिणाम प्रदेश के 7 जिलों की 29 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए चलाये जा रहे मिशन के बेहतरीन परिणाम आ रहे हैं। इसी कड़ी में अगस्त 2022 से अप्रैल 2023 तक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए चलाये गये 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' के परिणाम स्वरूप राज्य के 7 जिलों की 29 ग्राम पंचायतों को चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी मुक्त घोषित किया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने यह उपलब्धि अर्जित करने वाली ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों, चिकित्सा विभाग सहित सहयोगी संस्थानों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि राज्य द्वारा ग्राम पंचायतों पर फोकस करते हुए टीबी मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया में वर्ष भर मिशन मोड में विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधिगणों, शिक्षकों, टीबी उपचारित रोगियों, टीबी चैम्पियन, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा सहयोगिनियों व स्वास्थ्य मित्र कार्यकर्ताओं आदि के समूह गठित किये गये। इन समूहों ने सराहनीय कार्य करते हुए व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने के साथ ही ग्राम पंचायत के टीबी रोगियों को जांच व उपचार-परामर्श सुविधाएं उपलब्ध करवायी, साथ ही निक्षय पोषण योजना के अतिरिक्त पौष्टिक आहार निक्षय मित्रो ने लाभार्थियों को उपलब्ध करवाये। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता और टीबी कार्मिकों ने बखूबी सहयोग करते हुए सम्पूर्ण पंचायत क्षेत्र की जनसंख्या का वर्ष में दो बार स्क्रीनिंग करते हुए संभावित टीबी लक्षणों वाले लोगों की पहचान करवाने और उन्हें निःशुल्क टीबी उपचार सेवा शुरू करवाने में सराहनीय सहयोग किया। राज्य टीबी अधिकारी डॉक्टर विनोद कुमार गर्ग ने बताया कि ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने की परिकल्पना को साकार करने के उद्धेश्य से प्रदेश की 1440 पंचायतों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान संचालित किया गया

## अनियमितता बरतने पर 10 मेडिकल फर्मों के विरूद्ध निलम्बन की हुई कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** औषधि अनुज्ञापत्र प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक वचन सिंह मीणा ने बताया कि विभाग के औषधि नियंत्रक अधिकारियों द्वारा मेडिकल फार्मो के निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं पाए जाने पर 10 मेडिकल फर्मों के विरूद्ध निलम्बन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मालाखेडा के पशु चिकित्सालय के सामने स्थित मैसर्स मनीष मेडिकल स्टोर के विरूद्ध 23 जून तक के लिए, राजगढ के गोविन्द देव जी बाजार स्थित मैसर्स विश्वास मेडिकल स्टोर के विरूद्ध 26 जून 2023 तक के लिए, बानसूर के नारायणपुर रोड पीएनबी बैंक के सामने स्थित मैसर्स सोना मेडिकल के विरूद्ध 29 जून तक के लिए, बीबीरानी कोटकासिम के मैसर्स मनोज मेडिकल स्टोर के विरूद्ध 20 जून से 30 जून तक के लिए, राजगढ़ के अतरिया स्टैण्ड नीकच स्थित मैसर्स खान मेडिकल स्टोर व न्यू मेट्रो हॉस्पिटल फिरोजपुरा रोड तिजारा स्थित मैसर्स न्यू मेट्रो मेडिकल कैम्पस एवं तिजारा स्थित मैसर्स जाकिर मेडिकल स्टोर होलिटिबा के विरूद्ध 21 जून से 30 जून तक के लिए, मैन बस स्टैण्ड नारायणपुर थानागाजी स्थित मैसर्स तन्मय मेडिकल्स के विरूद्ध 21 से 22 जून तक के लिए, तिजारा के हाई स्कूल रोड स्थित मैसर्स आरिफ अली मेडिकल हॉल के विरूद्ध 21 जून से 28 जून तक के लिए तथा मैसर्स दीपक मेडिकल एण्ड कॉस्मेटिक नियर डॉ. क्वाटर्सनियर ऑल्ड बस स्टैण्ड अलवर के विरूद्ध 21 जून से 23 जून 2023 तक के लिए अनियमितता बरतने पर निलम्बन की कार्रवाई की गई है।

## मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं के लिए भी ट्रांसपोर्ट वाउचर स्कीम लागू

**जयपुर(कासं.)।** कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं को भी अब घर से कॉलेज आने-जाने का बस किराया मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा कॉलेज में 10 किलोमीटर से अधिक दूरी से आवागमन पर प्रति दिवस 20 रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह राशि छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं को राहत देने के लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर स्कीम के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित गहलोत ने स्कूल शिक्षा की तर्ज पर कॉलेज में भी लाभ देने का बड़ा निर्णय लिया है।

# कोरोनाकाल में विधवा हुईं 53 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सतीश पूनियां ने सिलाई मशीन से लेकर रोजगार के अन्य संसाधन उपलब्ध करवाये

जयपुर टाइम्स



**आमेर, जयपुर(कासं.)।** हीरो मोटोकॉप, नाथ संस्कृति सेवा संस्थान और भामाशाहों के सहयोग से राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं को स्वरोजगार व रोजगार से जोड़ने की अभिनव पहल की है, जिससे महिलायें सम्मान के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। आमेर के कूकस में कोविड-19 से प्रभावित परिवारों की विधवा महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन व रोजगार के अन्य साधन उपलब्ध करवाकर उन्हें संबल देने का कार्य किया गया। डॉ. पूनियां ने कहा कि, मानवता की तकलीफ में हम सब लोग एक परिवार की तरह एक-दूसरे के सुख-दुख में खड़े रहें। जब कोई तकलीफ में होता है तो हमारी जिम्मेदारी है, फर्ज है कि मदद के लिये आगे आएं और यह कोरोनाकाल में समस्त भारत ने पूरी एकजुटता से मदद के लिये आगे हाथ बढ़ाकर पूरी दुनिया में मिसाल कायम की। संकट में हम किसी की मदद कर अहसान नहीं करते, बल्कि अपना फर्ज पूरा करते हैं। मुझे अच्छे तरीके से याद है कि कोरोनाकाल में हमारे नेता हमें दिल्ली से निर्देश देते थे कि लोगों को भोजन बांटो, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कहते थे कि कोई भूखा ना सोये, इसलिये जरूरतमंदों की भोजन, राशन की मदद करो, सबको वैक्सीन के लिये प्रेरित करो। कोरोनाकाल में राजस्थान और देश के करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों को सेवा ही संगठन अभियान के जरिये भोजन, राशन, पानी इत्यादि मदद की, जिसकी पूरी दुनिया में चर्चा हुई। इससे पहले भी हीरो मोटोकॉप के सीएसआर व भामाशाहों के जरिये समय-समय पर आमेर की माता-बहनों को स्वरोजगार से जोड़ने की मदद की गई और इस मुहिम को आगे बढ़ाने में नाथ संस्कृति सेवा संस्थान की सचिव सरिता योगी व इनकी टीम की बहुत ही सकारात्मक पहल रही। मैंने अपनी मां को देखा है कि जब जवानी में विधवा हो जाये तो अपने बच्चों को कैसे पालती है, इसलिये मैं उन दिनों को याद करता हूं, मेरी मां ने अपना बेटा खो दिया, अपना पति खो दिया, लेकिन फिर भी मां ने हिम्मत नहीं हारी और एक छोटे बच्चे को राजनीति में सतीश पूनियां बनाकर खड़ा कर दिया। उस समय तो मां को अभाव लगता होगा, लेकिन आज जब सुनती है, 90 साल से अधिक उम्र की है, समझती भी है, मैं समझता हूं कि मां को कितनी खुशी होती होगी कि उन तकलीफों को दूर करके आज मां के आदेश की पालना करके कितनी मां और बहनों को स्वाभिमान के साथ हम सब मिलकर संबल देने का कार्य कर रहे हैं। सरिता योगी ने बताया कि 14 महिलाओं को कॉमर्सियल सिलाई मशीन एवं सिलाई से संबंधित कच्ची सामग्री, 17 महिलाओं को गाय, 03 महिलाओं को बकरी, 03 महिलाओं को भैंस, 05 महिलाओं को सरकारी नौकरी की तैयारी हेतु ट्यूशन फीस, 04 किराना स्टोर, एक मटका स्टोर, एक ब्यूटी पार्लर, एक जनरल स्टोर, एक साड़ी स्टोर, एक लैपटॉप इत्यादि का वितरण कर कुल 53 महिलाओं को आजीविका से जोड़ने का कार्य किया गया। सरिता योगी का कहना है कि अब तक कुल 104 विधवाओं को संबल देने व उनके बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के कार्य किये जा चुके हैं और आगे भी महिलाओं को सशक्त करने के कार्य किये जायेंगे। अपने पति को खो चुकी रेखा शर्मा की इस संस्थान व भामाशाहों ने पढ़ाई का खर्च उठाने में मदद की और रेखा शर्मा ने कड़ी मेहनत करके विकास अधिकारी बनने में सफलता हासिल की है। इससे पहले भी कोरोनाकाल में महिलाओं को राशन, बच्चों की पढ़ाई की फीस में मदद के साथ-साथ महिलाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की गई। कार्यक्रम में आमेर उपखंड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट अर्शदीप बरार, निम्स के डॉक्टर पंकज सिंह, नाथ संस्कृति सेवा संस्थान के छीतरमल कुमावत, राजेन्द्र योगी, नाथूलाल भाटी, राजकुमार शर्मा, हेमेन्द्र योगी, प्रवीण योगी इत्यादि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रहने के दौरान सतीश पूनियां के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे राजस्थान में कार्यकर्ताओं और भामाशाहों ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 56 हजार से अधिक बालिकाओं के खाते खुलवाये। वहीं अपने प्रत्येक जन्मदिन पर सतीश पूनियां अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगों को स्कूटी वितरित कर उन्हें संबल देने का कार्य करते हैं, इसी क्रम में सतीश पूनियां ने वर्ष 2022 में आमेर के 23 दिव्यांगजन को स्कूटी वितरित की थी।

## आब्जर्वर पुरोहित ने महंगाई राहत केम्प का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार समय-समय पर निरीक्षणहेतु नियुक्त पूर्व आईएएस श्याम सिंह राजपुरोहित ने मंगलवार को नगर पालिका मे आयोजित महंगाई राहत कैंप व प्रशासन शहरों के संग अभियान का औचक निरीक्षण कर लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए । इस दौरान पूर्व आईएएस राजपुरोहित ने कैंप में आए आमजन को राज्य सरकार की 10 मुख्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि अब आम जन को इन कैंपों के माध्यम से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत 25 लाख तक के कैशलेस इलाज और मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 10 लाख रुपये तक का बीमा,500 रुपये में गैस सिलेंडर,, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रतिमाह न्यूनतम 1000 हजार रुपये पेंशन, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए 2000 यूनिट बिजली निशुल्क मिलने का लाभ मिलेगा वहीं उन्होंने आयोजित महंगाई राहत कैंप की व्यवस्थाओं को देखकर प्रशंसा की । इस मौके पर पालिका अधिशाषी अधिकारी राकेश शर्मा,सुरेश कुमार बेरवा, सौम्या वर्मा,सरजीत रेबारी, तरुण शर्मा, विनोद टेलर, नरेंद्र वर्मा, महिपाल सिंह खंगारोत सहित कार्मिक उपस्थित रहे ।

## सतर्कता शाखा ने अस्थाई अतिक्रमण पर की कार्यवाही 05 केन्टर किया सामान जप्त कर 3 हजार 500 रूपये का किया केरिंग चार्ज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त महेन्द्र सोनी के निर्देशन में उपायुक्त सतर्कता सेठाराम बंजारा के नेतृत्व में अस्थाई टीम ने मंगलवार को मालवीय नगर जोन, मानसरोवर जोन एवं मुरलीपुरा जोन में अस्थाई अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई। उपायुक्त सेठाराम बंजारा ने बताया कि मालवीय नगर जोन, मानसरोवर जोन एवं मुरलीपुरा जोन में बजाज नगर बैरवा कॉलोनी लालकोठी मण्डी सहकार मार्ग, रिद्धी-सिद्धी नाले के पास, किरण पथ शिप्रापथ मार्ग मानसरोवर, वार्ड नं. 08 सेक्टर-6 विद्याधर नगर पेट्रोल पम्प के पास से भैरू जी की समादी तक एवं सीकेएस हॉस्पिटल के सामने से वार्ड नं. 10 तक आदि स्थानों पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि जिसमें 5 केन्टर सामान जप्त किया गया तथा मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध मौके पर 3 हजार 500 रूपये का केरिंग चार्ज किया गया।

# प्रजापति समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 6 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

जयपुर टाइम्स



**शाहपुरा(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती त्रिवेणी धाम स्थित श्रीयादे माता मंदिर परिसर में श्रीयादे माता प्रजापति विकास समिति त्रिवेणी धाम के तत्वाधान में 28 वा पाटोत्सव व सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को हुआ। बता दे कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत प्रजापति समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 6 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे हैं। इस दौरान भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया,निम्स यूनिवर्सिटी निदेशक डॉ पंकज सिंह, शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल, शाहपुरा चेयरमैन बंशीधर सैनी, मनोहरपुर चेयरमैन सुनीता प्रजापत,भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़, हरिप्रसाद बल्लीवाल, कांग्रेस प्रत्याशी मनीष यादव, विराटनगर विधायक इंद्राज गुर्जर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत, एडवोकेट गिरिराज प्रजापत,डॉ महेंद्र प्रजापति उत्तर प्रदेश,अंजनी कुमार किरोड़ीवाल, युवा नेता देवायुष सिंह, शाहिद उपस्थित अनेकों जनप्रतिनिधि लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।अंत में संतुलाल अध्यक्ष द्वारा सभी मेहमानों को सम्मानित किया गया। संयोजक कालूराम माचीवाल व समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा आए हुए अतिथियों का दुप्पटा पहनकर, साफा पहनकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समिति के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर,वधू पक्ष को सोने व चांदी के 11 आइटम व करीबन चार सौ के करीब साड़ियां, प्रत्येक वधु के कन्यादान में 9500 रु दिए गए। इस दौरान इस दौरान नंदलाल, मोहन, हनुमान , सुरेश ,चौथमल प्रभु, गिरधारी , मुकेश, शंकर,महेश,सुरेश, कालूराम, शंकर,गंगाराम महावीर प्रजापति, सुरेश सहित प्रजापति समाज के कई हजारों लोग रहे मौजूद।

# सौर पैनल की खराब स्थापना एक बड़ी समस्या है- चिरंजीलाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारत में सौर ऊर्जा/ सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी की मांग है और यह पिछले कई वर्षों से कम खर्चीली (सौर पैनल कीमत) भी बन रही है। सौर पैनल बेहद लोकप्रिय हो गए हैं क्योंकि यह घरों और व्यवसायों के लिए पर्यावरण को प्रभावित किए बिना बिजली पैदा करने का एक शानदार तरीका है। दुर्भाग्य से, सौर पैनल की खराब स्थापना एक बड़ी समस्या है जिसका सामना कई ग्राहक कर रहे हैं। हाई एम सोलर पावर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक चिरंजीलाल ने बताया कि ऐसी पैनल स्थापना समस्या के कारण, कई मकान मालिक, साथ ही व्यापार मालिक अक्सर मरम्मत के लिए पैसा निवेश कर रहे हैं, इस प्रकार स्थापना टीमों की प्रतिष्ठा को नुकसान होता है, और सौर उत्पादों का समुदाय पूरी तरह से अविश्वसनीय दिखता है। इस तथ्य को समझते हुए, सौर पैनल की समस्याएं है कि दोषपूर्ण स्थापना सौर पैनल स्थापना की सबसे बड़ी अभी तक की आम समस्या दोषपूर्ण और गलत फिक्सिंग है। यदि पैनल ठीक से स्थापित नहीं होता है, तो उपयोगकर्ताओं को सोलर पैनल के लिए रूफ सीलिंग और अन्य समस्या का सामना करना पड़ सकता है जैसे-सौर पैनल अन्य पैनलों के अनुरूप नहीं है,सौर पैनल की घुमावदार कठिनाई, सोलर पैनल के लिए रूफ टॉप दे रहे हैं,सोलर लगाने के तीसरे महीने से बिजली गिरना शुरू हो जाती है,छत के पानी के प्रवाह को बाधित करना, लूज सोलर पैनल से आंधी बारिश के दिनों में सोलर उखड़ना। इस तरह की समस्या को हल करने या इससे बचने के लिए, सुनिश्चित करें कि आपका सौर पैनल एक अनुभवी और अच्छी तरह से प्रशिक्षित टीम की मदद से स्थापित किया गया है, जो जानता है कि विभिन्न प्रकार के घरों में पैनलों को कैसे जोड़ा जाना चाहिए और किसी भी संभावित चुनौतियों को समझता है, जो सौर के दौरान हो सकती है। पैनल फिटिंग। इसके अलावा, सुनिश्चित करें कि आपकी सौर स्थापना टीम स्थापना विधियों में सभी सर्वोत्तम प्रथाओं से अच्छी तरह से परिचित है, और वे जानते हैं कि बेहतरीन स्थापना की पुष्टि करने के लिए क्षति से बचने के लिए इन प्रक्रियाओं को कैसे समायोजित किया जाए।

## भाजपा के प्रमुख नेता प्रदेशभर में योग दिवस के कार्यक्रमों में भाग लेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ''पहला सुख निरोगी काया'' को आत्मसात करते हुए वर्षों पूर्व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे भारत में 21 जून को योग निदव के रूप में घोषित किया। विश्वगुरू की परिभाषा को सार्थक करते हुए योग साधना का मूलमंत्र भारत ने आज पूरे विश्व को दिया। भारत का योग दिवस आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों में स्वस्थ सास्थ्य को समर्पित करते हुए मनाया जा रहा है। 21 जून को होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता योग दिवस कार्यक्रमों में प्रदेश के अनेक स्थानों पर भाग लेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी योग दिवस कार्यक्रम में जयपुर स्थित स्वास्थ्य कल्याण भवन सीतापुरा में शामिल होकर आम जनता के साथ योग करेंगे। भाजपा संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर उदयपुर जिले के पन्नाधाई पार्क गोवर्द्धन सागर रोड़ में योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में मानसरोवर वासियों के साथ योग दिवस कार्यक्रम में योगाभ्यास करेंगे साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# हर घर-आंगन योग थीम पर मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

### रामनिवास बाग स्थित फुटबॉल ग्राउंड में किया गया योग का पूर्वाभ्यास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उल्लास से मनाया जाएगा। जयपुर में जिला स्तरीय समारोह रामनिवास बाग स्थित फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। समारोह हर घर-आंगन योग, वसुधैव कुटुम्बकम् की थीम पर सुबह 7 से 8 बजे तक आयोजित होगा। अतिरिक्त निदेशक, आयुर्वेद विभाग डॉ. जितेन्द्र सिंह कोठारी ने बताया कि समारोह को लेकर आयोजन स्थल पर आयुर्वेद विभाग के चिकित्साधिकारी, नर्सिंगकर्मी एवं अन्य कार्मिकों के साथ-साथ राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्वाभ्यास किया। योगाभ्यास करवाने का कार्य डॉ. कल्पना वर्मा, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, डॉ. राहुल पाराशर एसोसिएट प्रोफेसर एवं महाविद्यालय के छात्रों की टीम ने करवाया। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल एवं डॉ. चन्द्रशेखर भारद्वाज ने समस्त विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सामूहिक रूप से योगाभ्यास करने हेतु आह्वान किया। सहायक निदेशक डॉ अंशुमान चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभाग यथा शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम ग्रेटर/ हेरिटेज जयपुर, पुलिस विभाग, एन.सी.सी, स्काउट एण्ड गाईड, नेहरू युवा केन्द्र आदि विभाग के सभी कार्मिक एवं वॉलेन्टियर्स कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे एवं सहयोग प्रदान करेंगे।

# निगम हैरिटेज के महंगाई राहत कैंपो में 5 लाख 97 हजार 406 रजिस्ट्रेशन

### मंगलवार को 2 हजार 716 गारंटी कार्ड वितरित किये गये

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर हैरिटेज के सभी जोनों ने मंगलवार तक महंगाई राहत कैंप में 5 लाख 97 हजार 406 रजिस्ट्रेशन किये व मंगलवार को दिन तक 2 हजार 716 गारंटी कार्ड वितरित किये गये। निगम हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया की राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित किये गये महंगाई राहत शिविरों से आमजन को बड़ी राहत मिल रही है । हैरिटेज क्षेत्र में अधिकांश लोग महंगाई राहत कैंपों से गारंटी कार्ड प्राप्त कर चुके है व अभी भी सैकड़ों की संख्या में लोग पंजीयन करवाने आ रहे है। हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि निगम हैरिटेज ने अब तक कुल रजिस्टेऊशन में अन्नपूर्णा योजना 80,961, चिरजींवी दुर्घटना में 1,39,498, चिरजीवीं स्वास्थ्य बीमा 1,39,498, निःशुल्क कृषि बिजली में मुख्यमंत्री 1,268, यूनिट निशुल्क बिजली योजना में 1,53,236, घरेलू गैस सिलिण्डर 13,426, कामधेनू 15,298, व पेंशन में 48,096, इंदिरा गांधी शहरी एवं ग्रामीण रोजगार योजना में 5,292 व 833 रजिस्टेऊशन किये। महापौर ने बताया कि 21 जून को लगने वाले कैंप सिविल लाईन जोन स्थायी मंहगाई राहत कैम्प स्पेस सिनेमा हॉल बनी पार्क व ईएसआई हॉस्पीटल अजमेर रोड, जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय बनीपार्क टी.बी. सेंटोरियन अस्पताल, एन.बी.सी. रोड़ वृद्धाश्रम के पास सब्जी मंडी, शिव पार्क कॉवटिया अस्पताल, राजभवन पार्क पोस्ट ऑफिस के पास गीताजंली टावर, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन पार्किंग, रामनगर मेट्रो स्टेशन पार्किंग, डी.पार्क सिंधी कैंप बस स्टेण्ड के पीछे, हवामहल जोन में कार्यालय गणगोरी बाजार, इंदिरा गांधी भवन 17 नं0 बस स्टेण्ड, नगर निगम कॉलोनी गोलीमार गार्डन, बड़ा पार्क आमेर रोड़, मदरसा बागो बहार कदमरसूल दरगाह के पास मोहल्ला गोरियान बास बदनपुरा, मंसूरी जमात खाना करबला बस स्टेण्ड के पास रामगढ़ मोड़, छिला बावड़ी के सामने, नगर निगम पार्क, फिरदोस पार्क बिलाल मस्जिद के सामने शास्त्री नगर, राणा पार्क राणा कॉलोनी शास्त्री नगर, स्व सुरेश शर्मा स्मृति गॉन जोरावर सिंह गेट के बाहर, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस स्टेण्ड जयसिंह पुरा खोर, पांच नीम, मौहल्ला इच्छावतान, बास बदनपुरा व किशनपोल जोन में गौड़ वि0 प्रि0 गोपीनाथ मार्ग, जालुपुरा चैराहा, गणेश जी के मंदिर के खन्दे पर बड़ी चैपड़, सामुदायिक केन्द्र में मंडी खटीकान, वार्ड नं. 65 पार्षद कार्यालय जगन्नाथ शाह का रास्ता मोहल्ला पतंगवालान आदि।

## शोधार्थियों को मिलेगा आर्थिक संबल एवं प्रोत्साहन - मुख्यमंत्री ने दी 62.30 करोड़ रुपए की स्वीकृति - लगभग 6 हजार शोधार्थी होंगे लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के लगभग 6 हजार शोधार्थियों को आर्थिक संबल एवं प्रोत्साहन के लिए फैलोशिप दी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 62.30 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। राजकीय महाविद्यालयों एवं राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों के लगभग 2200 शोधार्थियों को 20 हजार रुपए प्रतिमाह की फैलोशिप दी जाएगी। इसके लिए 52.80 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। साथ ही, राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत 3800 शोधार्थियों को देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों एवं शोध संस्थानों में इंटर्नशिप, सेमिनार, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस में सहभागिता के लिए 25 हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 9.50 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। यह फैलोशिप अधिकतम 2 वर्ष के लिए दी जाएगी। कॉलेज शिक्षा विभाग इसका नोडल विभाग होगा। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में इन शोधार्थियों का सहयोग लिया जा सकेगा। इनमें चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालयों के शोधार्थी तथा अन्य किसी भी तरह की फैलोशिप प्राप्त करने वाले शोधार्थी पात्र नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

# जोन-9 में जीरो सैटबैक में निर्माण करने पर अवैध व्यावसायिक भवन को किया सील

### साढ़े चार बीघा भूमि पर बसाई गई अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-9 अनुमोदित आवासीय योजना द्वारकापुरी के भूखण्ड संख्या 119 पर जविप्रा की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के स्वीकृति साईट प्लान के विपरीत जीरो सेटबेक पर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन करते हुए सड़क सीमा में 2.6 फीट बालकॉनी निकालते हुए आवासीय भूखण्ड़ पर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन गंभीर प्रकृति की 02 मंजिल पूर्ण होकर ऊपर पिल्लर निकाल कर निर्माणाधीन वृहद् अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही। जोन-5 स्वामी विहार द्रव्यवती नदी के बीच अवस्थित बृजलालपुरा में जविप्रा स्वामित्व की बेशकीमती करीब 2.5 बीघा सरकारी भूमि एवं ग्राम लालचन्दपुरा जेडीए स्कीम के पास में जविप्रा स्वामित्व की बेशकीमती करीब 1.5 बीघा सरकारी भूमि को एवं निजी खातेदारी करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-09 के क्षेत्राधिकार में प्रताप सर्किल के पास अवस्थित अनुमोदित आवासीय योजना द्वारकापुरी के भूखण्ड संख्या-119 पर क्षेत्रफल करीब 390.83 वर्गगज पर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ जविप्रा की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के स्वीकृति साईट प्लॉन के विपरीत जीरों सेटबैक पर बिल्डिंग बॉयलाज का गंभीर उल्लंघन करते हुए सड़क सीमा में ही 02 फीट बालकॉनी निकालते हुए आवासीय भूखण्ड़ पर व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन गंभीर प्रकृति की 02 मंजिल पूर्ण होकर ऊपर पिल्लर निकाल कर निर्माणाधीन वृहद् अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। उक्त गंभीर प्रकृति के वृहद अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग के अवैध निर्माण का अवधान में आने पर भूस्वामी को दिनांकः 01.04.2023 को धारा 32,33 जविप्रा अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया जाकर अवैध निर्माण रूकवाया जाकर उक्त वृहद स्तर के अवैध निर्माण को हटाने हेतु पाबंद किया गया था। नोटिसों के प्राप्त जवाब का परीक्षण प्रवर्तन शाखा की तकनीकी टीम से करवाया गया परीक्षणोपरांत जवाब असंतोषजनक पाया गया। उक्त निर्माणाधीन वृहद् अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग के अवैध निर्माण का पूर्ण होकर अवैध व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने की प्रबल सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये विधिक प्रक्रिया अपनाते हुए सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त दिनांक 19.06.2023 को धारा 34(क) का नोटिस जारी कर दिनांक 20.06.2023 को उक्त वृहद अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों, इत्यादि को इंजीनियरिगं शाखा की मदद से ईंटो की दीवारो से चुनवाकर, गेटों पर ताले, सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्चे की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जावेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-09, 04,तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी टीम की निशादेही पर प्रवर्तन दस्त द्वारा सम्पादित की गई। जेडीए द्वारा जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित स्वामी विहार द्रव्यवती नदी के बीच बृजलालपुरा खसरा नम्बर-86 में खाली पड़ी जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती करीब 2.5 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण करने की नीयत से मौका पाकर पत्थर-मलबा ड़ालकर झोपड़ी, तिरपाल लगाकर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही अविलम्ब जोन-09 के राजस्व व तकनीकी टीम की निशादेही पर प्रवर्तन दस्तें द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जविप्रा स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाकर जेडीए संपत्ति के बोर्ड लगवाये गये। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 68 करोड़ रूपयें है। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-05 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी टीम की निशादेही पर प्रवर्तन दस्त द्वारा सम्पादित की गई। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम लालचन्दपुरा जेडीए स्कीम के पास में जविप्रा स्वामित्व के खसरा नम्बर-03 में करीब 1.5 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि पर तारबंदी, बाउन्ड्रीवाल, सीमेन्ट व लोहे के पिल्लर, इत्यादि लगाकर अवैध कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही जोन-12 के राजस्व व तकनीकी टीम की निशादेही पर प्रवर्तन दस्तें द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जविप्रा स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाकर जेडीए संपत्ति के बोर्ड लगवाये गये।

## राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों की तिथि में परिवर्तन, -23 जून के बजाय 10 जुलाई से होगा खेलों का शुभारम्भ, - 23 जून तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार ने राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों के आयोजन की तिथि में परिवर्तन किया है। इन खेलों का शुभारम्भ अब 23 जून के स्थान पर 10 जुलाई को होगा। वहीं, खेलों में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन तिथि भी 23 जून तक बढ़ाई गई है। खेल विभाग के शासन सचिव नरेश कुमार ठकराल ने बताया कि आवश्यक तथ्यों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालयों में 26 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश है। वहीं, विद्यालय खुलने बाद करीब एक सप्ताह तक नए नामांकन होंगे। इन खेलों में 60 प्रतिशत तक सहभागिता स्कूली विद्यार्थियों की होती है। ऐसे में इस महत्वपूर्ण तथ्य के साथ ही अन्य आवश्यक तथ्यों को ध्यान में रखते हुए खेलों के आयोजन की तिथि में बदलाव किया गया है। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों ने जबर्दस्त उत्साह दिखाते हुए बड़े स्तर पर रजिस्ट्रेशन करवाए हैं। राज्य सरकार एवं प्रतिभागी खेलों की तैयारी में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। लगभग 54.70 लाख प्रतिभागी इन खेलों में हिस्सा लने के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं।

## सम्पादकीय

### भगवान राम के आदर्श चरित्र से खिलवाड़

रामायण की कथा के इतने रंग हैं कि उसमें हर रचनाकार अपने-अपने ढंग से रंग चुनता रहा है। पुरुषोत्तम भगवान राम भारतीय जनमानस ही नहीं, दुनिया के एक बड़े हिस्से, हिंदू ही नहीं, दूसरे धर्मों के लोगों की भी आस्था से जुड़े हैं। वे एक आदर्श चरित्र हैं, आदर्श परिवार और समाज की स्थापना के लिए संघर्षरत हैं। धीरोदात्त नायक हैं। आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई और आदर्श प्रजा पालक। सीता आदर्श बेटी, आदर्श बहन, आदर्श पत्नी और आदर्श बहू हैं। भगवान हनुमान उनके अनन्य भक्त। इसलिए इनके चरित्र लोक आस्था में गहरे बसे हुए हैं। स्वाभाविक ही जब इनके चरित्र के साथ किसी प्रकार की तोड़-फोड़ करने की कोशिश की जाती है, तो उस आस्था को चोट पहुंचती है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि मनोज मुंतशिर को यह बात पता नहीं। उन्होंने तो खूब बढ़-चढ़ कर भगवान राम से अपना अगाध प्रेम जाहिर किया। फिर भी उन्होंने जानबूझ कर अगर राम, सीता और हनुमान के चरित्र को बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसकी निंदा स्वाभाविक है। हालांकि शुरू में उन्होंने फिल्म के हर संवाद को उचित ठहराने का प्रयास किया, मगर जब चौतरफा विरोध बढ़ गया, तो उन्होंने स्वीकार कर लिया है कि फिल्म आदिपुरुष के जिन संवादों को लेकर लोगों को आपत्ति है, उन्हें बदल दिया जाएगा। रामायण की कथा के इतने रंग हैं कि उसमें हर रचनाकार अपने-अपने ढंग से रंग चुनता रहा है। यही वजह है कि जितने प्रकार की रामायणें दुनिया भर में लिखी गई होंगी, जितनी रामलीलाएं खेली जाती होंगी, जितनी फिल्में और धारावाहिक इसे लेकर बने होंगे, उतने और किसी पौराणिक कृति पर नहीं बने। हर किसी ने कुछ न कुछ अलग तरीके से पेश करने का प्रयास किया है। मगर सबमें मूल बात यही है कि किसी ने भी रामायण की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ नहीं की है, किसी भी चरित्र को विद्रूप करने का प्रयास नहीं किया है, बल्कि उसके उज्ज्वल पक्षों को और उभारने की ही कोशिश की है। ऐसे में अलग रचने की चुनौती मनोज मुंतशिर के सामने भी रही होगी। मगर अलग दिखने के लिए उन्होंने जिस तरह बिल्कुल टपोरी तरीका अपनाया, वह भारतीय मन कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता। फिल्म का जो शिल्प चुना और उसकी तैयारी में जिस तरह के तंत्र का इस्तेमाल किया गया है, उसी से स्पष्ट है कि उनका मूल मकसद रामायण में से कुछ नई बात निकाल कर पेश करने का था ही नहीं। दरअसल, आजकल कथावाचकों का एक ऐसा वर्ग भी तैयार हो गया है, जो रामायण की कथा को बिल्कुल सड़कछाप भाषा में सुना कर तालियां बटोरने का प्रयास करता देखा जाता है। मनोज मुंतशिर ने भी वही करने की कोशिश की। इस कोशिश में कमाई के लिहाज से वे सफल भी बताए जा रहे हैं। जब भी कोई रचना तालियां और पैसा बटोरने के मकसद से लिखी या बनाई जाती है, तो उसका हश्र यही होता है। कुछ दिन की सतही उत्तेजना के बाद वह निस्तेज हो जाती है। अच्छी बात है कि इस फिल्म को लेकर उस तरह तोड़-फोड़ और हिंसा की घटनाएं नहीं होने पाईं, लोगों की आस्था आहत तो हुई, पर उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताया। मगर सवाल अब भी यही है कि आखिर मनोज मुंतशिर गहन आस्था के पौराणिक चरित्रों को इस तरह विकृत कर समाज को देना क्या चाहते थे। बल्कि इस फिल्म से यही जाहिर होता है कि उन्हें न तो भारतीय समाज की बुनावट की सही पहचान है और न वे उस ताने-बाने को मजबूत बनाए रखने में यकीन करते हैं।

### बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा के कारण ममता की निंदा



पश्चिम बंगाल में हर चुनाव में बड़े पैमाने पर हिंसा होती है। अभी पंचायत चुनावों को लेकर शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां हिंसा मतदान के पहले ही शुरू हो जाती है और नतीजे आने के बाद भी जारी रहती है। पिछले विधानसभा चुनाव के समय तो इतने बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी कि विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जान बचाने के लिए पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी। इस भीषण हिंसा के कारण ममता सरकार को चौतरफा निंदा और बदनामी का सामना करना पड़ा था, लेकिन इससे उसकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। बंगाल में राजनीतिक और चुनावी हिंसा की संस्कृति कायम रहना यही बताता है कि ममता बनर्जी परिवर्तन के जिस नारे के साथ सत्ता में आई थीं, वह दिखावटी था। बंगाल में चुनाव की हिंसा पर इसलिए रोक नहीं लग पा रही है, क्योंकि ममता बनर्जी ने राजनीतिक विरोधियों के मामले में उन्हीं तौर-तरीकों का अपना लिया है, जो वामदलों की संस्कृति का हिस्सा थे। क्या इससे बड़ी विडंबना और कोई हो सकती है कि ममता वामदलों की जिस अराजक संस्कृति को खत्म करने के वादे के साथ सत्ता में आई थीं, उसे खुद उन्होंने अंगीकार कर लिया है? इसी कारण चुनावों के दौरान हिंसा बढ़ जाती है। इस हिंसा के जरिए विरोधी दलों के प्रत्याशियों को नामांकन पत्र दाखिल करने से भी रोका जाता है। चिंताजनक है कि जब देश के अन्य हिस्सों में चुनावी हिंसा पर बड़ी हद तक अंकुश लग गया है, तब बंगाल में उस पर लगाम क्यों लगती नहीं दिखती। मणिपुर सुलग रहा है, अब भी स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं आ पाई है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्कूल, दुकानें, कालेज, उद्योग-धंधे सब तीन हफ्तों से बंद पड़े हैं। मणिपुर में शांति योजना के पांच सूत्र हैं- जिनमें मैराथन बैठकों के जरिए सुरक्षा सुनिश्चित करना, बातचीत की पहल, दोनों समुदायों की चिंताओं का हल, जमीन पर खुद उतरकर समुदायों में विश्वास बहाली, महिलाओं, युवाओं और सामाजिक संगठनों का साथ, एक तरफ बातचीत, दूसरी ओर सुरक्षाबलों को सख्त निर्देश। पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री ने राज्य की प्रमुख हस्तियों, बुद्धिजीवियों, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ महिला और युवा संगठनों के प्रतिनिधियों और सिविल सेवकों के साथ बातचीत की। कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि सब साथ मिलकर मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने में अपना अपना योगदान देंगे। म्यांमा से प्रवासियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक निगरानी की व्यवस्था की जानी चाहिए। पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक और राजनयिक संबंध सुदृढ़ करने से क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकार को क्षेत्र के लोगों में स्वामित्व और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए।

## भ्रष्टाचार का पाप और भाजपा की वैतरणी



पिछले कुछ दिनों से ऐसा लगने लगा है जैसे देश में भ्रष्टाचारियों की अचानक बाढ़ आ गई हो और छापे रूपी बांध से उन्हें बांधने के लिए सरकार ने अपने सारे तंत्र खोल दिए हों। क्या भ्रष्टाचारियों की इतनी तेज आंधी आ गई है कि देश भ्रष्टप्लावित हो गया और छापों की असंख्य बौछार से उसे एक साथ रोकने का प्रयास किया जा रहा है? इस प्रकार के योजनाबद्ध छापों से दो प्रकार की सोच पनप रही है- पहला तो यह कि विपक्ष के प्रति आमजन के मन में घृणा उत्पन्न हो जाए और दूसरा यह सोचने पर मजबूर हो जाए कि छापेमारी करवाने वाला अपने प्रतिद्वंद्वियों को एक तरह से समूल नष्ट कर देना चाहता हो। जिस किसी माध्यम से देश-दुनिया के हालात को जानने का प्रयास करेंगे, तो भयभीत हो जाएंगे, क्योंकि अपनी दिनचर्या के अनुसार आप सुबह समाचार जानने के उद्देश्य से अखबार पढ़ना शुरू करेंगे, तो छापों के समाचार से ही इसकी शुरुआत होगी। पता नहीं, रात में आपके पड़ोसी के यहां किसी सरकारी जांच एजेंसियों का छापा पड़ गया हो और अभी आपको समाचार पत्रों से पता चल रहा हो कि आपका पड़ोसी तो उच्च कोटि का भ्रष्ट अधिकारी था या सत्तारूढ़ दल के विरुद्ध बात करता था अथवा विपक्षी दल का कार्यकर्ता अथवा नेता था? पिछले दिनों कर्नाटक में भाजपा विधायक के ठिकानों से कुल आठ करोड़ रुपये कैश बरामद होने पर कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमलावर है। सिद्धारमैया ने सीएम बोम्मई को करप्शन का सबूत बताते हुए कहा कि उन्हें सीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन महीनों से जेल में बंद हैं, वहीं अब उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा उनके कई रिश्तेदारों के यहां छापेमारी के बाद पूछताछ जारी है। पंजाब कांग्रेस से जुड़े पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। उन पर भी मुख्यमंत्री रहने के दौरान भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल से विधायक और लालू-राबड़ी देवी के करीबी अबु दोजान के फुलवारी शरीफ के हारून नगर आवास और कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। ईडी छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के नेता विनोद तिवारी को दफ्तर बुलाकर दस घंटे तक पूछताछ की गई। यह तो महज चंद उदाहरण हैं, यदि संपूर्णता में इसे देखें तो इनकी संख्या सैकड़ों नहीं, हजारों में है जिन पर ईडी, सीबीआई के छापे पिछले कुछ वर्षों में डाले जा चुके हैं। इन छापों के कारण भ्रष्टाचार से कमाई करने वालों के रातों की नींद हराम हो गई है। स्वाभाविक है कि जिनकी लगाम कसी जाएगी, वह अपने पक्ष में कुछ-न-कुछ कहानियां सुनाएंगे ही। केंद्र सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा का कहना है कि

> यह सबसे तेज गति से यात्रा करता है। प्रकाश से तेज गति से कोई यात्रा नहीं कर सकता। यह सदैव क्रियाशील रहता है। यह सदैव सृजनात्मक रहता है। प्रकाश से अधिक गतिशील कुछ भी नहीं हो सकता। प्रकाश अंतरिक्ष में तरंगों के रूप में यात्रा करता है। लेकिन जब यह किसी ग्रह से टकराता है, तो यह अपने फोटोन कणों के माध्यम से क्रिया करके अपना व्यवहार बदल देता है।

भ्रष्टाचार की शुरुआत कांग्रेस शासन की देन है और अब यदि उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है, तो इसकी आलोचना उनके द्वारा क्यों की जाती है। इसे इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से पूछताछ के बाद जमीन के बदले नौकरी घोटाले में तथाकथित 600 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के जो सबूत मिले हैं, क्या उसका दोष भी तत्कालीन सरकार पर मढ़ा जाएगा? होना तो यही चाहिए कि जो अपराध करे, उसको उसके कृत्य की सजा तो मिलनी ही चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। विपक्ष इसी को मुद्दा बनाकर जनता के सामने पेश कर रहा है कि भाजपा सरकार अपने विरोधियों के प्रति किस प्रकार एक पक्षीय है। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी के. कविता से यदि ईडी नौ घंटे पूछताछ करती है और दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार करती है, तो उसमें किसी को क्या परेशानी हो सकती है? स्पष्ट है कि जो अपराध करेगा, उसे उसकी सजा मिलेगी, लेकिन विपक्ष यही प्रश्न पूछकर सरकार को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसमें असहज होना क्या उचित है? विपक्ष कई नामों में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदुरप्पा के अलावा कई और नेताओं का नाम लेकर भाजपा पर प्रहार करते हैं कि कांग्रेस में जब तक ऐसे व्यक्ति थे, तब तक भाजपा ने इनपर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए गए थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने दल बदला, उनकी छवि सुधर गई और ये पाक-साफ होकर भाजपा के सर्वप्रिय व सम्मानित नेता बन गए। क्या भाजपा गंगा नदी जैसी स्वच्छ और पवित्र पार्टी है कि कोई व्यक्ति उसमें डुबकी लगाते ही दोषमुक्त हो जाता है? लालू यादव ट्वीट करते हैं, हमने आपातकाल का काला दौर भी देखा है। हमने वह लड़ाई भी लड़ी थी। आधारहीन प्रतिशोधात्मक मामलों में आज मेरी बेटियों, नन्हें-मुन्ने नातियों और गर्भवती पुत्रवधू को भाजपाई ईडी ने 15 घंटों से बैठा रखा है। क्या इतने निम्नस्तर पर उतरकर भाजपा हमसे राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी?' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, 'मोदी सरकार, विपक्षी नेताओं पर ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या का कुत्सित प्रयास कर रही है।' खरगे ने कहा कि जब देश से भगोड़े करोड़ों लेकर भागे, तब मोदी सरकार की एजेंसियां कहां थीं? जब परम मित्र की संपत्ति आसमान छूती है, तो जांच क्यों नहीं होती? इस तानाशाही का जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। अब पानी सिर के ऊपर से चला गया है। कांग्रेस हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने का बाद से भाजपा सरकार और विशेषरूप से प्रधानमंत्री पर आक्रामक है।

**यह लेखक के निजी विचार हैं**

## दुनिया से मुक्ति कहां



जीवन को जानने-समझने-समझाने के प्रयास अनंतकाल से चले आ रहे हैं। दुनिया क्या है? भूल भुलैया? रहस्यमयी, जटिल या बेहद सहज है? दरअसल, इसे देखने, जानने निकलने वाला जहां से चलता है, वह अंतत वहीं पहुंच जाया करता है, जहां से यात्रा शुरू करता है। यात्रा जन्म से शुरू होती और मृत्यु पर खत्म हो जाती है। तब एक ही सवाल होता है कि जीवन क्या है? सो, लाख सवालों का एक ही सवाल है कि इस जगत में जीवन क्या है? और इसे कैसे जीएं? जीवन को जानने-समझने-समझाने के प्रयास अनंतकाल से चले आ रहे हैं। इसे समझने की अनेक चिंतन पद्धतियां और परंपराएं विकसित हुईं, फिर भी यहां कोई ऐसा ठिकाना नहीं कि जहां पहुंच कर पूछ लिया जाए और जीवन के संबंध में सुनिश्चत उत्तर पाया जा सके। इस सवाल के जवाब में वेद, वेदांत और उपनिषद लिखे गए। कृष्ण की गीता ने आकार लिया। गीता को सुनने वाला आमजन के रूप में अर्जुन है। मगर कृष्ण के बावजूद कौरवों और पांडवों के बीच भीषण महाभारत घटित होता ही है, यानी अर्जुन को लाख समझाने के बावजूद कृष्ण के रहते दोनों संयुक्त परिवारों की जो गति हुई, वह दुनिया के सामने है। कहा यही जाता है कि जो कुछ दुनिया में है वह महाभारत में है और जो महाभारत में नहीं है वह दुनिया में भी नहीं है। भारत में हमेशा से दुनिया तो क्या, दुनिया से पार ले जाने वाले संत, महंत, बाबा और ज्ञानी हुए हैं। आम व्यक्ति इस दुनिया में रहते हुए जीवन भर भटकता रहता है। गरीब रोटी के लिए, मध्यवर्ग अमीर बनने तथा अमीर और अमीर होने के लिए तथा उच्चवर्ग एक के बाद दूसरी कंपनी शुरू करने के जतन में लगा ही रहता है। इन्हीं तीनों वर्गों में एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो आवागमन से मुक्त होने की चाहता रखता है, दुनिया से पार पाने की धुन में रहता है। दुनिया से पार जाने या मुक्ति की सोच रखने वाले भारत को विश्व स्तर पर अगुआ स्थापित करने और जीते जी मोक्ष पाने की कामना पाले रहते हैं। बुद्ध से लेकर आज तक दार्शनिकों, संत-महंतों और बाबाओं के दरबार सजते रहे हैं। इसी कामना से लोगों का हुजूम मठों, आश्रमों और मंदिरों में पहुंचता रहता है। ऐसे स्थानों, मठों और आश्रमों में भक्तों का तांता हर मौसम में लगा रहता है। देश संतों से भरा पड़ा है। ऐसे बाबाओं के होते हुए भी कुछ गंभीर व्यक्तित्व, गहन अध्ययन और मनन से अपना स्थान बनाने वाले भी रहे हैं। ऐसी महान शख्सियतें समय-समय पर यहां अवतरित होती रही हैं। बुद्ध, गोरखनाथ और कबीर अपने समय की ऐसी विभूतियां रही हैं, जो निस्वार्थ जीवन जीते हुए समय से पार हो गईं। त्याग करने वाले महान त्यागी, साधना में रहने वाले साधक, तप करने वाले तपस्वी और यती भी होते रहे हैं। बीसवीं और इक्कीसवीं सदी में भी हम अपने समय से पार जाने की बात करने वालों से रूबरू हो सकते हैं। गीता जीवन के रहस्य को समझाती है। वही गीता ओशो की जुबान से आज की भाषा में निस्नृत होती है। उन जैसे आज भी अनेक प्रवचनकर्ता गीता, वेदांत और उपनिषद को युवाओं तक मनोवैज्ञानिक ढंग से बखूबी पहुंचा रहे हैं। इस दुनिया में रहते हुए हर व्यक्ति अधूरा है, सो वह तीर्थ यात्रा करता या बाबाओं की शरण लेता है। दुनियादारी में जीता हर शख्स बेचैनी महसूस करता है। उसकी यही बेचैनी और तड़प गहन भारतीय दर्शन तक ले जाती है। इस दुनिया में हर व्यक्ति अधूरा है और इस अधूरेपन को दूर करने के लिए धन-दौलत के साथ महात्माओं की शरण में भी पहुंच जाया करता है। हर प्रवचनकर्ता राग, द्वेष और ममत्व से मुक्त होकर आत्मा को परमात्मा से तदाकार करने की बात अपने प्रवचनों में करता है। त्याग, दान-दक्षिणा का बड़ा भाग मंदिर, आश्रम और मठों को देने को कहता है। इसीलिए देश में ऐसे मंदिरों, मठों और आश्रमों की भरमार है, जो स्वर्ग सरीखे जान पड़ते हैं। बुद्धिजीवियों का ठिकाना भौतिक स्थान नहीं बन पाते हैं, पर उन्हें भी चाहिए दुनिया के पार के सपने। सो, उन्हें इस लोक प्रचलित संत परंपरा से हटकर, कुछ अनूठे और वाक्चातुर्य के धनी दार्शनिक चाहिए, जो गूढ बातों को शब्द दे सकें। ओशो के रिक्त स्थान को भरा नहीं जा सका है। भले ही उनके नाम पर जगह-जगह कम्यून बने हुए हैं। उनके अनुयायी उनके ज्ञान को प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं। ईश्वर अमूर्त और निराकार है। मगर ईश्वर का नकार चार्वाक, बुद्ध, कबीर और आधुनिक दौर में ओशो से होता हुआ आज के आचार्यों तक का सफर करता हुआ हमारे सामने है। इस दुनिया में हर शख्स अधूरापन महसूस करता है और इस अधूरेपन को दूर करने वाले आसमान की तरफ इशारा करते हैं। ओशो भी अंतत परमात्मा होने या उसमें विलय हो जाने जैसे रहस्य की भूलभूलैया में भटकता छोड़ देते हैं। यह दुनिया और जीवन बेहद रहस्मय है।

**ये लेखक के निजी विचार हैं**

## गुरबाणी का मुफ्त प्रसारण क्या अकाली को सीधी चोट

भगवंत सरकार मानती है कि गुरबाणी सुनने का अधिकार सभी का है, ऐसे में इसका मुफ्त प्रसारण जरूरी है। इसी वजह से सिख गुरद्वारा एक्ट 1925 में नई धारा जोड़ी जाएगी और सदन में प्रस्ताव भी लाया जाएगा। पंजाब की सियासत में इस समय एक नया बखेड़ा शुरू हो गया है। गुरबाणी को लेकर पंजाब की भगवंत सरकार और अकाली दल एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो गए हैं। असल में पंजाब सरकार सदन में एक प्रस्ताव लाने वाली है जिससे अमृतसर के हरमंदिर साहिब (स?वर्ण मंदिर) में होने वाली गुरबाणी के प्रसारण के लिए किसी भी तरह के टेंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुफ्त में ही कोई भी इसका प्रसारण कर पाएगा। भगवंत सरकार मानती है कि गुरबाणी सुनने का अधिकार सभी का है, ऐसे में इसका मुफ्त प्रसारण जरूरी है। इसी वजह से सिख गुरद्वारा एक्ट 1925 में नई धारा जोड़ी जाएगी और सदन में प्रस्ताव भी लाया जाएगा। अब इस प्रस्ताव पर पंजाब की सियासत में जबरदस्त राजनीति शुरू हो गई है। असल में अभी तक बादल परिवार का जो पीटीसी चैनल है, उस पर गुरबाणी का सुबह-शाम प्रसारण होता है। वहीं दूसरी तरफ पीटीसी नेटवर्क का कहना है कि गुरबाणी के प्रसारण के लिए उनकी तरफ से हर साल को 2 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। वहीं के जो दूसरे कार्यक्रम होते हैं, उसका प्रसारण भी पीटीसी पर किया जाता है। लेकिन अब जिस प्रस्ताव को लाने की बात हो रही है, इसके बाद बादल परिवार के चैनल की मोनोपोली खत्म हो जाएगी।

## हैलो।। हैलो।।

### हॉस्पिटल

| | |
|---|---|
| गवर्मेंट सैटेलाइट हॉस्पिटल, बनीपार्क | 2202449 |
| महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट | 2610616 |
| एसएमएस हॉस्पिटल | 2560291 |
| जनाना हॉस्पिटल | 2378721 |
| ईएसआई डिस्पेंसरी, मालवीयनगर | 2522724 |
| ईएसआई डिस्पेंसरी, प्रताप नगर | 2792594 |

### पुलिस

| | |
|---|---|
| कंट्रोल रूम, जयपुर सिटी | 2575715 |
| कंट्रोल रूम, जयपुर ग्रामीण | 2575774 |
| कंट्रोल रूम, यातायात | 2565630 |

### होटल-ट्यूरिज्म

| | |
|---|---|
| गणगौर | 0141-2371641, 2371642, 2371644, 2371646 |
| स्वागत | 0141-2200595, 2206701, 09950996242 |
| तीज | 0141-2205482, 2205473, 2203199, 09829058458 |
| होटल खासा कोठी | 0141-2375151, 4063000, 09414073182 |

### रोडवेज

| | |
|---|---|
| कंट्रोल रूम हैड ऑफिस | 0141-2373044 |
| सेंट्रल बस स्टैंड सिंधी कैंप | 0141-2207906, 2207912, 207913, 2207914 |
| डीलक्स बस आरक्षण | 0141-2205790 |
| ड्यूटी ऑफिसर प्लेटफार्म | 0141-2207907 |
| ड्यूटी ऑफिसर सिंधी कैंप | 01412207903 |

### रेलवे

| | |
|---|---|
| रेलवे पूछताछ | 131 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |

### हैल्प लाइन

| | |
|---|---|
| चाइल्ड हैल्प लाइन | 0141-2353997-1098 |
| बिजली हैल्प लाइन | 0141-2354900-1912 |
| ऑपरेशन गरिमा | 0141-2204475 |
| एनीमल हॉस्पिटल हैल्प लाइन | 0141-2373237 |
| हैल्प इन सफरिंग हैल्प लाइन | 0141-2760012 |

### ब्लड बैंक

| | |
|---|---|
| संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल | 0141- 2566251, 2574189 |
| सवाई मानसिंह हॉस्पिटल | 0141-256 02912 |
| स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक | 0141-2545293, 2721771 |

### अग्निशमन केन्द्र

| | |
|---|---|
| अग्निशमन हैल्पलाइन | 101 |
| बनीपार्क | 0141-2201898 |
| बाईस गोदाम | 0141-2211258 |
| घाट गेट | 0141-2615550 |
| विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र | 0141-2332573 |
| एम आई रोड | 0141-2375925 |

### सांस्कृतिक केन्द्र

| | |
|---|---|
| जवाहर कला केंद्र | 0141-2706560 |
| रविन्द्र मंच | 0141-2619061 |

### ट्यूरिस्ट प्लेस

| | |
|---|---|
| अल्बर्ट हॉल म्यूजियम | 0141-2570099 |
| आमेर फोर्ट | 0141-2530293 |
| बिरला प्लेनेटोरियम | 0141-2385094, |
| हवा महल | 0141-618862 |
| जंतर मंतर | 0141-2610494 |
| जयगढ़ फोर्ट | 0141-2274848 |
| नाहरगढ़ फोर्ट | 0141-5148044 |
| जयपुर जू | 0141-2680494 |
| राम निवास गार्डन | 0141-2617319 |
| साइंस पार्क | 0141-2304654 |
| सिटी पैलेस | 0141-2608055 |

### एम्बुलेंस

| | |
|---|---|
| एम्बुलेंस हैल्पलाइन | 108 |
| जेके लोन एम्बुलेंस | 0141-2619827 |
| महिला चिकित्सालय एम्बुलेंस | 0141-2601333 |
| एसएमएस एम्बुलेंस | 0141-2560291 |
| रेड क्रास एम्बुलेंस | 0141-2617214 |

### एयरलाइंस

| | |
|---|---|
| एयर अरेबिया | 0141-5115455 |
| इंडिगो एयरलाइंस | 0141-5119992 |
| एयर इंडिया सिटी | 0141-2744840, 2743500 |
| ओमान एयरवेज | 0141-4002041 |
| एयर अरेबिया 2378204 | 0141-2378501, |
| एयर इंडिया | 0141-2721333, 2721519 |
| गो एयर | 0141-6500803 |
| जेट एयरवेज | 0141-5112222 |
| स्पाइस जेट | 0141-5119882 |

### दुर्घटना थाना

| | |
|---|---|
| ईस्ट | 2587436 |
| वेस्ट | 2577717 |
| नॉर्थ | 2568721 |
| साउथ | 2575171 |

# फिल्मों और कॉमेडी शो के साथ कपिल शर्मा ने शुरू किया ये नया काम



कॉमेडी किंग कपिल शर्मा अपनी मजेदार बातों से हर किसी के चेहरे पर मुस्कान ले आते हैं, दर्शक उनके हर अदांज को बेहद पसंद करते हैं। कॉमेडी शो के साथ कपिल शर्मा को फैंस फिल्मों में भी देख चुके हैं, वहीं अब कपिल ने अपना एक और नया काम शुरू कर दिया है। हाल ही में कपिल शर्मा ने अपना पहला व्लॉग शेयर किया है, जिसमें उन्होने अपने दिन की शुरुआत से लेकर फिल्म सिटी जाने के बारे में बताया है। इर दौरान एक्टर कहते हैं कि मैंने व्लॉग बनाना इसीलिए शुरू किया है क्योंकि खर्चे पूरे नहीं हो रहे हैं।

### कॉमेडी के साथ कपिल शर्मा ने शुरू किया ये काम

बता दें कि कपिल शर्मा ने अपने पहले व्लॉग में फिल्म सिटी से लेकर अपने शो तक की झलक शेयर की है। जिसमें वह विक्की कौशल और सारा अली खान के साथ शूटिंग कर रहे हैं। ऐसे में कपिल ने अपने शो द कपिल शर्मा शो के बैक स्टेज वर्क के बारे में भी बताया है। अपने शो का सेट दिखाने के बाद कपिल ने बताया कि विक्की और सारा ने उनके शो की शूटिंग लेट करवा दी थी। कपिल के इस व्लॉग को फैंस भी काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर अपने रिएक्शन दे रहे है। एक यूजर ने लिखा हाहा सुपर्ब पाजी, ऐसे ही व्लॉग हमें और चाहिए। वहीं एक दूसरे युजर ने लिखा कि अक्षय तो यूं ही बदनाम हैं पैसे तो ये बना रहे हैं। एक अन्य युजर ने लिखा 15 साल की धक्का मुक्की, एक व्लॉग में।



# निमरत कौर ने पूरी की सेक्शन 84

### अमिताभ के साथ को प्रकृति की शक्ति बताया

अभिनेत्री निमरत कौर ने अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म सेक्शन 84 की शूटिंग पूरी कर ली है। शूटिंग खत्म होने पर उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो शेयर करने के साथ ही सेक्शन 84 की टीम के लिए एक इमोशनल नोट भी लिखा है।
मेरी दो सबसे पसंदीदा ध्वनियों – एक्शन और कट के पहले, बीच और बाद में मैंने जो महसूस किया, उसे समझाने के लिए कोई भी शब्द कभी भी पर्याप्त नहीं होगा, आज से ठीक 2 महीने पहले सेक्शन 84 के सेट पर कॉल किया गया था। अपने कैप्शन में, उसने इसकी तुलना एक मनोरम पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर पहुंचने की भावना से की, जिसे कोई कभी समाप्त नहीं करना चाहता। निमरत ने कृतज्ञता, आजीवन सबक, अलगाव की चिंता, और महान अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन साझा करने का अनूठा अनुभव का वर्णन किया, जिसे उन्होंने प्रकृति की शक्ति के रूप में संदर्भित किया। एयरलिफ्ट अभिनेत्री ने आगे स्वीकार किया कि अनुभव के कुछ पहलुओं को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है और अपने दिल में हमेशा के लिए यादों को संजोने का इरादा व्यक्त किया। निम्रत ने निर्देशक रिभु दासगुप्ता के प्रति भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उन्हें इस चमत्कारिक और रहस्यमय साहसिक कार्य का हिस्सा बनने का अवसर दिया और इसे अपने करियर में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने जोया के चरित्र को सौंपने के लिए रिभु दासगुप्ता को अपना शाश्वत आभार और प्यार व्यक्त किया। उसने यह कहते हुए नोट को समाप्त किया, इस प्रक्रिया को संभव बनाने वाले हर एक व्यक्ति को एक बहुत बड़ा धन्यवाद, सुचारू रूप से, सावधानी से सोचा गया, और कोई फर्क नहीं पड़ता कि सेट के लिए हमेशा एक शांत, खुश, खुशहाल जगह है !!! 41 वर्षीय अभिनेत्री को हाल ही में डिज्नी+ हॉटस्टार सीरीज स्कूल ऑफ़ लाइज़ में देखा गया था। सेक्शन 84 के अलावा, उनके पास मैडॉक फिल्म्स की एक फिल्म भी है, जो इस साल शिक्षक दिवस के अवसर पर रिलीज होने वाली है।

# सनी लियोनी बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में आएंगी नजर

बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी, जिनकी फिल्म केनेडी ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल में धमाल मचाया, बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस शो के 5वें सीजन के दौरान टीवी काउंटरपार्ट में एक कंटेस्टेंट थी, जहां से उन्होंने अपनी बॉलीवुड जर्नी शुरू की थी। बिग बॉस में अपनी एंट्री को लेकर सनी लियोन ने कहा, बिग बॉस ओटीटी में आना मेरे लिए घर वापसी जैसा होगा। यह मेरे करियर के महत्वपूर्ण मोड़ में से एक है। मैं शो को करीब से देख रही हूं और इसे अगले लेवल पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। तो, इंतजार करें और देखें, मौसम बदलने वाला है। बिग बॉस सीजन 5 में आने के बाद, सनी ने कुछ गानों और फिल्मों में काम किया। शो के फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि क्या सनी लियोनी सरप्राइज कंटेस्टेंट के तौर पर शो में एंट्री कर रही हैं या वह सिर्फ बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ को-होस्ट होंगी।



# शरमन जोशी के कफस का टीजर हुआ रिलीज



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शरमन जोशी अपने अभिनय के अलावा अपनी फिल्मों को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते है। इन दिनों अभिनेता अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। शरमन की आगामी वेब सीरीज 'कफस' का टीजर रिलीज हो चुका है। रिलीज होने के बाद से ही अभिनेता की वेब सीरीज का यह टीजर सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। वेब सीरीज 'कफस' में शरमन के अलावा मोना सिंह भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। शरमन स्टारर इस वेब सीरीज का टीजर बेहद अलग तरीके से रिलीज किया गया है। शरमन ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर एक मिनट का वीडियो पोस्ट करते हुए सभी के होश उड़ा दिए हैं। इस टीजर के लॉन्च होने के बाद फैंस वेब सीरीज के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता शरमन के अलावा इस वेब सीरीज की लीड एक्ट्रेस मोना ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में अभिनेत्री काफी ज्यादा घबराई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो को साझा करते हुए इसके कैप्शन में लिखा, 'मुझे चुप रहने के पैसे दिए गए हैं। मैं आपको कुछ बताना चाहती हूं। पर मुझे माफ कर दीजिए। मैंने चुप रहने के पैसे लिए हैं। बता दें कि टीजर की शुरुआत में मोना काफी डरी हुई नजर आती है। वह किचन में काम करती हैं और उनके चेहरे पर घबराहट साफ तौर पर देखी जा सकती है। इस सीन के खत्म होने के बाद मोना कहती है, 'अब नहीं होगा। अब नहीं होगा सॉरी।' इतना कहने के तुरंत बाद ही मोना अपने मुंह पर टेप लगा लेती हैं। एक मिनट के इस टीजर में फुल सस्पेंस रखा गया है। ऑडियंस भी अब वेब सीरीज को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शरमन के इस वेब सीरीज के टीजर के बाद अब फैंस इस सस्पेंस फुल वेब सीरीज को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कफस के टीजर को उर्फी जावेद और शहरान गिल समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स ने अपनी स्टोरी में पोस्ट किया है।

# साहिर लुधियानवी बनेंगे अभिषेक बच्चन



अभिषेक बच्चन जहां एक ओर ऐश्वर्या राय बच्चन और बेटी अराध्या के साथ वेकेशन पर रवाना हुए हैं, वहीं संजय लीला भंसाली से साफ शब्दों में कहा है कि महान शायर साहिर लुधियानवी की बोयापिक में वह सिर्फ और सिर्फ अभिषेक बच्चन को ही अपने साहिर के रूप में देखते हैं। बीते करीब तीन साल से यह चर्चा है कि संजय लीला भंसाली हिंदी और उर्दू के महान शायर-गीतकार साहिर लुधियानवी पर बायोपिक बना रहे हैं। इस फिल्म का आइडिया भंसाली के दिमाग में बीते 9 साल से कौंध रहा है। इस बायोपिक में लीड रोल के लिए शाहरुख खान से लेकर दिवंगत इरफान अभिषेक बच्चन और फरहान अख्तर तक का नाम सामने आया। फिर बीते दिनों यह भी खबर आई कि यह फिल्म डिब्बाबंद हो गई है। लेकिन अब संजय लीला भंसाली ने साफ कर दिया है कि इस प्रोजेक्ट को शेल्व नहीं किया गया है। इतना ही नहीं, अपने परफेक्शन के लिए मशहूर भंसाली ने साफ शब्दों में यह कहा है कि यदि कोई पर्दे पर उनके लिए साहिर लुधियानवी बन सकता है, तो वो सिर्फ अभिषेक बच्चन ही हैं। भंसाली ने बताया है कि वह 2023 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, साहिर पर फिल्म सिर्फ और सिर्फ अभिषेक बच्चन के साथ ही बनेगी, और दूसरा कोई एक्टर नहीं। भंसाली की साहिर लुधियानवी बायोपिक में अमृता प्रीतम के किरदार को लेकर प्रियंका चोपड़ा का नाम सामने आया था। प्रियंका को यह रोल ऑफर भी किया गया, लेकिन बताया जाता है कि एक्ट्रेस ने लीड रोल में अभिषेक बच्चन के अलावा दूसरे किसी एक्टर को कास्ट करने की सलाह दी। लेकिन अब भंसाली की बातों से स्पष्ट है कि हर बार की तरह ही इस बार भी वह अपनी फिल्म की कास्टिंग से कोई समझौता नहीं करने वाले हैं। वैसे, प्रियंका चोपड़ा के अलावा फिल्म में अमृता प्रीतम का किरदार निभाने के लिए करीना कपूर और तापसी पन्नू के नाम की भी चर्चा है। फिल्म की कहानी अमृता प्रीतम और साहिर लुधियानवी के मोहब्बत की दास्तान होगी। उम्मीद यही है कि संजय लीला भंसाली जल्द ही अपनी इस नई बायोपिक फिल्म की कास्ट के बारे में बाकी ऐलान करेंगे। वैसे, संजय लीला भंसाली की आखिरी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी भी बायोपिक थी। इस फिल्म में आलिया भट्ट ने लीड रोल प्ले किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई थी।



# मैं शादी करना चाहती हूं : कंगना

एक्ट्रेस कंगना रनौत बॉलीवुड की दमदार एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह 36 साल की हो गई हैं, लेकिन अभी तक एक्ट्रेस ने शादी नहीं की। अब हाल ही धाकड़ गर्ल ने अपनी अपमकिंग फिल्म टीकू वेड्स शेरू के प्रमोशन के बीच अपनी शादी की प्लानिंग के बारे में खुलकर बात की। कंगना रनौत ने कहा, हर चीज का एक समय होता है और अगर वह समय मेरी जिंदगी में आना है तो आएगा। मैं शादी करना चाहती हूं और मेरा अपना परिवार है... लेकिन, यह सही समय पर होगा। कंगना ने बताया कि उन्हें लाइफ पार्टनर की बहुत ज्यादा कमी फील नहीं होती। 100 में से सिर्फ पांच प्रतिशत ही उन्हें कमी महसूस होती है। कंगना ने अपने बचपन के एक किस्से को शेयर करते हुए कहा कि उनकी मां ने बचपन से ही उन पर शादी का प्रेशर डाल रखा था। उनकी मां तो यह तक कह देती थीं कि अगर तुम यह फिल्में और मॉडलिंग वगैरह करोगी तो तुमसे शादी कौन करेगा। लड़का मिलना काफी मुश्किल हो जाएगा। लाइफ पार्टनर को लेकर कंगना ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह एक ऐसा लाइफ पार्टनर चाहती हैं, जो उनकी पर्सनालिटी को निखारे, जो उन्हें कमतर महसूस न कराए और उनके आउटस्पोकन अंदाज को और खास बनाए। काम की बात करें तो कंगना रनौत के प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' 23 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। साई कबीर श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# बॉलीवुड में होने वाले भेदभाव से परेशान हैं तापसी?

अभिनेत्री तापसी पन्नू की पहली हिंदी फिल्म साल 2013 में चश्मे बद्दूर आई थी। इस फिल्म के रिलीज के बाद से अभिनेत्री ने अब हिंदी सिनेमा में अपने 10 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने पिंक, थप्पड़ और मुल्क जैसे फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन किया। बॉलीवुड में एक आउटसाइडर होने के नाते अभिनेत्री ने अब बॉलीवुड शिविरों के बारे में बात की है और बताया है कि वह क्यों उनके खिलाफ कोई शिकायत नहीं रखती हैं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में अभिनेत्री ने कहा कि हां, बॉलीवुड शिविर ऐसा कुछ नहीं है, जिसके बारे में लोग नहीं जानते हैं। यह हमेशा से वहां रहा है। यह एक कलाकार के मित्र मंडली, एक निश्चित एजेंसी या समूह के आधार पर हो सकता है कि वे एक हैं। इसका एक हिस्सा और लोगों की वफादारी, इसके आधार पर अलग-अलग होती है। हर किसी को यह अधिकार होना चाहिए कि वह जिसके साथ काम करना चाहते हैं या अपनी फिल्मों को करना चाहते हैं तो वह कर सकते हैं। मैं उन्हें अपने करियर के बारे में सोचने के लिए दोष नहीं दे सकती। बॉलीवुड में अपनी यात्रा को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मैं कभी भी इस दृष्टिकोण के साथ नहीं आई कि फिल्म उद्योग में सब कुछ उचित होगा। मुझे हमेशा से पता था कि यह पक्षपातपूर्ण होने वाला है तो अब इसके बारे में क्यों शिकायत करें? मेरे लिए खेल का नियम यह है कि यह अनुचित ही होने जा रहा है। माहौल ज्यादातर समय आपके खिलाफ होगा और अगर उसके बाद भी आप अभी भी इस उद्योग का हिस्सा बनने का फैसला करते हैं तो यह आपकी पसंद है और आप इसके बारे में बाद में शिकायत नहीं कर सकते।





# बच्चों के साथ बिताएं अपना वीकएंड

हम आपके लिए कुछ फन एक्टिविटीज लेकर आए हैं जो आपको वीकएंड में अपने बच्चों के साथ करने में बेहद मजा आएंगा और साथ ही आप अपने बच्चों के साथ ज्यादा समय भी व्यतीत कर पाएंगे। वीकएंड्स पर बच्चों को संभालना बेहद मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वे बोर होने लगते हैं और घर में हुड़दंग मचाना शुरू कर देते हैं। ...तो क्यों न वीकएंड के लिए आप पहले से ही कुछ फन एक्टिविटीज प्लॉन करके रखें जिसे करने में आपको भी मजा आए और आपके बच्चों को भी।





पेपर प्लेट मास्क-घर पर रखे पेपर प्लेट्स निकालें और साथ ही बच्चों की कैंची भी। बच्चें को उनके पेंट और ब्रश के साथ बिठाएं और देखें की वे अपनी इमेजिनेशन से क्या पेंट करते हैं इन पेपर प्लेट्स पर। पेपर प्लेट्स से फेस मास्क बनाना मजेदार होता है। आप खाली जूस के बॉटल्स और अन्य बॉक्सेसज भी कई चीजे बना सकते हैं।

गार्डनिंग- इससे आपके बच्चों में प्रकृती के प्रति लगाव बढ़ेगा। अपने बच्चों को पेड़ लगाना, बीज बोना सिखाएं। यह न केवल उनके लिए एक लर्निंग एक्सपीरियंस होगा बल्कि वे नेचर के प्रति जिम्मेदार भी बनेंगे।

पिगी बैंक बनाएं- उसे सेविंग करना सिखाएं। घर पर पड़े बड़े बॉक्सेज और जार लेकर आएं और उन्हें इसे अपने मनपसंद तरीके से सजाने को कहें फिर ईनाम के रूप में इन बॉस या जार में कुछ सिक्के डाल दें।

स्टिक पपेट- आइसक्रीम स्टिक्स पर बच्चों को बर्ड्स या एनिमल ड्रॉ करने को कहें और फिर इनका इस्तेमाल बुकमार्क के रूप में भी कर सकते हैं।

वेजिटेबल ड्राइंग- भिंडी, प्याज और अन्य सब्जियों के छोटे टुकड़े काटें। इन टुकड़ों को आप अपने बच्चों को पकड़ा दें और फिर उन्हें पेंट कलर्स में डिप करके ड्राइंग बनाने को कहें। इससे उन्हें ड्राइंग के नए तरीके सीखने को मिलेगा और समय का सही उपयोग भी होगा।

# मानसून में ऐसे करें आई केयर



बारिश में आंखों का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। कई बार बारिश के मौसम में आंखों में सूजन, जलन, लाली आदि की समस्या पैदा हो जाती है। इन समस्याओं से बचने के लिए इन बातों का खासतौर पर ध्यान रखें।

**गंदे हाथ**

गंदे हाथों से आंखों को न छुएं।

**ठंडे पानी का इस्तेमाल**

आंखों को ठंडे पानी से धोएं।

**साबुन से हाथ धोएं**

घर में अगर कोई कन्जक्टिवाइटस से पीड़ित है तो उसकी आंखों में दवा डालने के बाद साबुन से हाथ जरूर धोएं।

**ज्यादा परेशानी होने पर विशेषज्ञ से मिलें**

आंखों में लाली, खुजली व जलन मानसून से जुड़ी परेशानी है जो ज्यादा किताब पढ़ने, कम्प्यूटर पर घंटों काम करने व ज्यादा टेलीविजन देखने से होती है। यदि ऐसी परेशानी हो तो विशेषज्ञ से मिलें।

**आंखों को पोंछने वाले कपड़े को शेयर न करें**

अपना तौलिया, रूमाल आदि दूसरों के साथ शेयर न करें।

**कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग नहीं**

किसी भी संक्रमण के दौरान कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग न करें।

**मेकअप से दूर रहें**

बाहर जाते वक्त चश्मा लगाएं। दिक्कत होने पर आंखों को रगडें नहीं। किसी भी प्रकार का संक्रमण होने पर आंखों का मेकअप न करें।

**बिलनी**

आंखों का बैक्टीरियल संक्रमण है जो ज्यादातर बारिश के मौसम में होता है। इसमें आंखों की पुतली में पीड़ादायक गठान हो जाती है जो कुछ समय बाद दवा से ठीक हो जाती है।



# घरेलू उपायों से निखारें अपनी रंगत



*दमकता गोरापन पाने के लिए महिलाएं बहुत से उपाय करती हैं। बाजार में भी गोरा बनाने के लिए ढेरों प्रोडेक्ट उपलब्ध हैं। जिन्हें खरीदने के लिए महिलाएं पानी की तरह पैसा बहाती हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि कुछ घरेलू तरीके अपनाकर भी आप पा सकती है निखरी त्वचा-*

### नींबू

नींबू के रस को गुलाब जल के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे में निखार आएगा। अगर आपके हाथ काले हैं तो सोते वक्त हाथों पर नींबू रगड़ें। एक हफ्ते में ही आपको फर्क महसूस होने लगेगा।

### शहद

शहद में कच्चा दूध मिलाकर लगाने से चेहरा खूबसूरत और कोमल हो जाता है। इससे फटी हुई स्किन भी सही हो जाती है।

### संतरा

संतरे के छिलकों को सुखा लें। फिर उन्हें मिक्सी में पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर में गुलाब जल, कच्चा दूध और नींबू का रस मिलाकर इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा गोरी होने लगेगी।

### टमाटर

टमाटर के रस में गुलाब जल और कच्चा दूध मिलाकर लगाएं। इससे कील, मुंहासों से राहत मिलेगी।

### खीरा

खीरे के रस को चेहरे पर लगाएं। इससे आपके चेहरे की रंगत निखरने लगेगी। इसके अलावा खीरे को आंखों पर लगाने से डार्क सर्कल भी दूर होते हैं और आंखों को आराम मिलता है।

### हल्दी

हल्दी में ताजी मलाई, आटा और कच्चा दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर 10 मिनट बाद चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर निखार आ जाता है।





ब्यूटी और हैल्थ दोनों के लिए प्रभावी

# मुल्तानी मिट्टी

ब्यूटी और हैल्थ दोनों के लिए मुल्तानी मिट्टी प्रभावी होती है। इसे चेहरे पर लगाने से रंगत निखरती है और बालों में प्रयोग करने से वे घने व मुलायम होते हैं। यह त्वचा संबंधी रोगों को दूर कर ब्लड सर्कुलेशन ठीक करती है।

### बालों के लिए

रूखे बालों के लिए चार चम्मच मुल्तानी मिट्टी के साथ 1/4 कप दही, दो चम्मच नींबू रस और दो चम्मच शहद मिलाकर बालों पर लगाएं। बाल मुलायम होंगे। मुल्तानी मिट्टी को चार घंटे तक भिगोकर उसमें रीठा पाउडर मिलाएं। इस पेस्ट को बालों में लगाने से तैलीय बालों की समस्या दूर होती है। नेचुरल कंडिशनिंग के लिए मुल्तानी में छाछ मिलाकर लगाएं। मुल्तानी मिट्टी को बालों में 10 मिनट से ज्यादा ना लगाएं।

### गर्मियों में फायदेमंद

सनबर्न होने पर मुल्तानी मिट्टी को गुलाब जल या टमाटर के रस में मिलाकर लगाएं। मुल्तानी मिट्टी का लेप पैरों के तलवों में लगाने से ठंडक मिलती है। इसे नीम की पत्तियों वाले पानी में भिगोकर लेप करने से घमौरियां दूर होती हैं। फोड़े फुंसियां होने पर इस मिट्टी में कपूर मिलाकर लगाएं। गर्मी में नकसीर की समस्या होने पर एक चौथाई गिलास पानी में रात को 5 चम्मच मुल्तानी मिट्टी भिगो दें। सुबह इसे छानकर नाक पर लेप करने से खून आना बंद हो जाएगा। ड्राई और सेंसटिव स्किन वालों को मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग सप्ताह में एक बार ही करना चाहिए।

### तैलीय त्वचा के लिए

*ऑयली स्किन वालों के लिए यह फायदेमंद होती है ,क्योंकि यह चेहरे का तेल सोखकर मुंहासे दूर करती है। ऑयली स्किन वाले लोगों को इस मिट्टी में दही व पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिलाकर लगाना चाहिए। गुलाब जल व मुल्तानी मिट्टी मिलाकर भी चेहरे पर लगाई जा सकती है। मुंहासे होने पर मिट्टी में सूखी नीम की पत्तियां मिलाकर लगाएं। रुखी त्वचा होने पर इसमें चंदन पाउडर मिलाकर लगाएं। आंखों के नीचे काले घेरे कम करने के लिए खीरे का रस व उबला आलू मुल्तानी मिट्टी में मिलाकर आंखों के नीचे 10-15 मिनट तक लगाएं।*



## यज्ञ सनातन संस्कृति से जुड़ा वैज्ञानिक कर्म- राज्यपाल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार को आमेर तहसील के रूण्डल ग्राम पहुंचे। उन्होंने वहां 51 कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ में भगवान का स्मरण करते हुए आहुतियां दी। उन्होंने यज्ञ को सनातन संस्कृति से जुड़ा वैज्ञानिक कर्म बताते हुए भगवान श्री हरि को समर्पित विष्णु महायज्ञ को इस समय का श्रेष्ठतम यज्ञ बताया। बाद में उन्होंने वहीं पाण्डाल में रूक कर महंत गणेशदास जी महाराज के मुख से श्रीमद्भागवत कथा का भी श्रवण किया। उन्होंने संत-महात्माओं की उपस्थिति में पावन विष्णु महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा के समन्वय को अनुपम और अलौकिक बताया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी ने यहां कुछ समय व्यतीत किया था, इस रूप में भी इस स्थान का विशेष महत्व है। बाद में उन्होंने यज्ञ स्थल के पास ही गोलोकवासी श्रीश्री 1008 संत श्री बालक नाथ जी की प्रतिमा का भी अनावरण किया तथा उनके दिए उपदेशों का स्मरण करते हुए उनके बताए आदर्श मार्ग पर सभी को चलने का आह्वान किया।

राज्यपाल मिश्र ने यज्ञ स्थल के पास पारस पीपल का पौधा भी लगाया।

## गांधी जी के विचारों और आदर्शो को युवाओं पहुंचाना आज की आवश्यकता- मनीष कुमार शर्मा




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** शांति एवं अहिंसा विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशों की अनुपालना में उपखण्ड स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उपखण्ड सैंपऊ में निदेशक शांति एंव अहिंसा निदेशालय मनीष कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य व जिला शांति अहिंसा प्रकोष्ठ धर्मेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता मे हुआ। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनीष शर्मा ने कहा कि गांधी दर्शन एवं विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आज की आश्यकता है। गांधी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होनें कहा कि गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वावलम्बन सहित स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान अविस्मरणीय है। उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुसार पूरे भारत में केवल राजस्थान ऐसा राज्य है जहां गांधी के विचारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ गठन करने के बाद अलग से निदेशालय बनाया गया है। गांधी दर्शन समिति के संयोजक धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि गांधी जी के विचारो से देश विदेश के लाखो लोग प्रभावित होकर प्रेरणा लेते है। महात्मा गांधी के आदर्श और सिद्धांत युवा पीढ़ी अपनाए। उनके विचारों को आत्मसात् करने की आवश्यकता है। उन्होनें महात्मा गांधी के जीवन परिचय के साथ व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। गांधी आश्रम वर्धा के मनोज ठाकरे ने सत्याग्रह दर्शन एवं बुनियादी सिद्धांतों के संबंध में वार्ता देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा एवं प्रेरणा सत्याग्रह के तत्व है। सत्य शाश्वत एवं सर्वभौम है जबकि अहिंसा वीर, साहसी एवं यौद्धाओं का गुण है। व्यक्ति के मन, चित्त एवं आत्मा को अहिंसा से ही जीता जा सकता है। महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी राम भक्त के साथ राजनैतिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक नायक थे। शिविर में उडीसा से आए विश्वजीत रॉय तथा प्रशांत नागौरी ने भी अपना उद्बोधन दिया इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी रेखा मीना, तहसीलदार देवेन्द्र तिवारी, विकास अधिकारी अनूप मीना, पूर्व ब्लॉक कॉन्ग्रेस अध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा, सीबीईओ रामप्रकाश राघव, पीसीसी सदस्य सत्यप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, शान्ती शर्मा सीमा, शान्ति शर्मा, संगीता, अशोक शर्मा, ब्लॉक अध्यक्षत रामभरोसी सहित अन्य उपस्थित रहें।

## गांव की तुडी से होगा बसों कलां विद्यालय का भौतिक विकास



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिला कलक्टर सुरेश कुमार ओला द्वारा प्रायोजित नवाचार भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर ग्राम बसों कलां, ब्लॉक सवाई माधोपुर के ग्रामीणों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के भौतिक विकास का जिम्मा लेते हुए गांव की तुडी को बेचकर 4 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के तहत जमा कराई। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को उक्त राशी का चेक जिला कलक्टर को प्रदान किया गया। जिसमें 60 अनुपात राशि राज्य सरकार द्वारा मिला कर कक्षा-कक्ष मय बरामदा निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद बंसल, कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद साबिर, प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मीणा, कविता मीना, नरेंद्र कुमार आर्य,रामचरण योगी,विजय मीना वरिष्ठ अध्यापक राउमावि सुनारी आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में साथिन के पद पर चयन के लिए 28 जून तक करें आवेदन

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** महिला अधिकारिता विभाग सवाई माधोपुर द्वारा पंचायत समिति चौथ का बरवाडा की डिडायच, ग्राम पंचायत डेकवा एवं खिजूरी, पंचायत समिति खण्डार की रामपुरा ग्राम पंचायत, सवाई माधोपुर की भदलाव, भूरी पहाडी, दोंदरी ग्राम पंचायत, गंगापुर सिटी पंचायत समिति की हिंगोटिया, जीवली, बिदरख्या, मीना पाड़ा, खानपुर, छावा पावटा व अहमदपुर ग्राम पंचायतों में साथिन के पद पर चयन के लिए 28 जून, 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। महिला अधिकारिता सवाई माधोपुर के उप निदेशक अमित गुप्ता ने बताया कि पूर्व में यह आवेदन 19 जून, 2023 तक मांगे गए थे जिसे बढाकर अब 28 जून, 2023 तक कर दिया गया है।

## इंस्टीट्यूट फॉर इंजीनियरिंग रिसर्च एंड पब्लिकेशन ने डॉ डीपी शर्मा को बनाया इंटरनेशनल एम्बेसडर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** अभी हाल में इंस्टीट्यूट फॉर इंजीनियरिंग रिसर्च एंड पब्लिकेशन ने प्रख्यात डिजिटल डिप्लोमेसी एक्सपर्ट एवं वैज्ञानिक डॉ डीपी शर्मा को अंतरराष्ट्रीय एम्बेसडर मनोनीत किया है/ इंस्टीट्यूट फॉर इंजीनियरिंग रिसर्च एंड पब्लिकेशन एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय संस्थान है जो इंजीनियरिंग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों के वित्तपोषण, नवीनतम शोध अंतर्दृष्टि के प्रचार, उद्योग के रुझानों को आगे बढ़ाने और अन्य संबंधित कार्यक्रमों को कॉन्फरेंस एवं प्रकाशन के माध्यम से सहायता करता है । इस संस्थान का प्रमुख लक्ष्य दुनिया भर में एक एकीकृत वैज्ञानिक समुदाय को बढ़ावा देने के माध्यम से नवाचार, सहयोग और ज्ञान-साझाकरण की इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाना है। अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग और संयुक्त उद्यम से लेकर शिक्षण, अनुसंधान सहायता, एवं प्रकाशन इसके प्रमुख उद्देश्य हैं / डॉ शर्मा को उनके अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, डिजिटल डिप्लोमेसी के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उनके अतिविशिष्ट योगदान, शिक्षा एवं वैज्ञानिक शोध में उनकी उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए एक जटिल एवं लम्बी चयन प्रक्रिया के बाद बनाया गया है / इंस्टीट्यूट फॉर इंजीनियरिंग रिसर्च एंड पब्लिकेशन ने पूरे एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप में मजबूत वैज्ञानिक, शैक्षणिक और उद्योग नेटवर्क स्थापित किए हैं। इंस्टीट्यूट फॉर इंजीनियरिंग रिसर्च एंड पब्लिकेशन की मौजूदगी वाले कुछ देशों में इराक, मालदीव, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपींस, इंडोनेशिया, ताइवान, वियतनाम, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, जापान, श्रीलंका, नेपाल, घाना और अफ्रीका शामिल हैं।



ज्ञात रहे कि डॉ शर्मा एक शारीरिक रूप से एक दिव्यांग व्यक्ति हैं मगर उनके हौसले, संघर्ष और उपलब्धियां जैसे आईबीएम यूएसए द्वारा 2009 में टीजीएमसी के अकादमिक एम्बेसडर, 2017 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता मिशन का राष्ट्रीय ब्रांड एम्बेसडर, एवं सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानी लेजेंड की सूची में भी शामिल किया जा चुका है।

## आयुष्मान भारत के अंतर्गत चिकित्सा विभाग द्वारा की गई स्क्रीनिंग

**आभा आईडी से मिलेगी रोगी की पूरी हिस्ट्री**

**समाज कल्याण विभाग, कलेक्ट्रेटए पशु चिकित्सालय में की गई स्क्रीनिंग**



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** आयुष्मान भारत के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागों की स्क्रीनिंग की गई। आयुष्मान के अंतर्गत सौ दिवसीय फिट हैल्थ कैम्पेन में सभी विभागों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) बनाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को समाज कल्याण विभाग उप निदेशक मीना आर्य, कलेक्ट्रेट,पशु चिकित्सालय में स्क्रीनिंग की गई, इन सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचरियों की स्क्रीनिंग कर आभा आईडी बनाई गई, जिसमें सभी का स्वास्थ्य डाटा फीड किया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा विभाग की ओर से टीमों का गठन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीना ने बताया कि आयुष्मान भारत हैल्थ अकाउंट(आभा आईडी ) बनाने के दौरान बीएमआई(बाडी मैक्स इंडेक्स), ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच होगी। ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की जा रही है। आभा आईडी में लाभार्थी की पूरी डिटेल होगी व आईडी कार्ड के माध्यम से कही भी उपचार लेने पर मरीज की पूरी हिस्ट्री चिकित्सक के पास रहेगी।

## जन्मदिन पर विधायक ने किया तिलस्वां महादेव का अभिषेक

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** विधायक गोपाल खंडेलवाल द्वारा अपने जन्मदिन पर तिलस्वां महादेव मंदिर पहुँच कर भगवान भोलेनाथ का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान सेअभिषेक किया गया। पुजारियों ने विधायक का परम्परानुसार अभिनंदन कर उच्च राजनीतिक सेवा का आशीर्वाद दिया। तिलस्वां ग्राम में पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा माला व साफ़ा बँधवा कर स्वागत किया। वहीं ट्रस्ट कार्यालय पर भी विधायक का स्वागत किया गया और केक काट कर जन्मदिन मनाया। विधायक खण्डेलवाल ने इन्द्रपुरा स्थित श्री तिलस्वां नाथ गोशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ की लापसी खिलाई । इस मौके पर आजीवन ट्रस्टी पूर्णाशंकर , मंदिर पुजारी नरेश पाराशर, घनश्याम पाराशर, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अहीर,सरपंच कैलाश रैगर , सीताराम बैरागी,एडवोकेट सुमित जोशी, वार्ड मेंबर गोपाल अहीर, श्याम लाल अहीर, युवा भाजपा नेता कुशल शर्मा , मनीष व्यास, आनंद पाराशर, मथुरा लाल अहीर , खाना अहीर जय किशन अहीर व गिरधर पाराशर समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मोदी सरकार की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन से आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलावः कैलाश चौधरी



जयपुर टाइम्स

**सिवाना/गुडामालानी(निसं.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी संसदीय क्षेत्र के दौरे पर हैं। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी मंगलवार को सिवाना, बाड़मेर एवं गुडामालानी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर रहे और सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने सिवाना विधानसभा क्षेत्र के समदड़ी में आयोजित भाजपा संयुक्त मोर्चा एवं व्यापारी सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसके बाद केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने 9 वर्ष; सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के अंतर्गत आयोजित भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन की श्रृंखला में संसदीय क्षेत्र के गुड़ामालानी विधानसभा के आयोजन में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों एवं आमजन के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर संवाद किया। कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना एवं हर घर नल से जल योजना जैसे क्रांतिकारियों कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन से आमजन के जीवन में बदलाव आया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जितने विकास कार्य 9 सालों में करवाए हैं, उतने कांग्रेस की सरकार है 60 सालों में भी नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि पहले जहां कांग्रेस सरकारों के समय आमजन के लिए दिल्ली से आवंटित 85% सहायता राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशीलता एवं केंद्र सरकार की पारदर्शिता के कारण और डीबीटी योजना की सफलता के चलते शतप्रतिशत सहायता राशि लाभार्थी आमजन के बैंक खाते में पहुंच रही है।

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पात्र उद्यमियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण शिविर 22 जून को

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राज्य सरकार द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना उद्योगों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रारंभ की गई है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा एससी, एसटी, वर्ग के आवेदकों को अपना उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग देने के लिए 22 जून को प्रातः 11:30 बजे जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक सुग्रीव मीना ने बताया कि योजना के तहत उद्यमियों को उद्यम की स्थापना, विस्तार, आधुनिकीकरण एवं विविधिकरण के लिए विभिन्न प्रकार की विश्रीय सहायता अनुदान एवं अन्य सुविधाओं संबंधी प्रावधान किए गए है। योजनान्तर्गत कम लागत पर ऋण्ा सुविधा, सीजीटीएमएसई गारन्टी फीस, मार्जिन मनी अनुदान एवं ब्याज अनुदान सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के प्रमुख प्रावधानों के अनुासर योजना अधिसूचना 08 सितम्बर, 2022 से 31 मार्च 2027 की अवधि तक प्रभारी रहेगी। जिसमे केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित गतिवधियां, कृषि एवं संबंधित गतिविधियां (पशुपालन, पक्षीपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी आदि) के अतिरिक्त समस्त वैध विनिर्माण सेवा एवं व्यापार क्षेत्रों में नवीन उद्यम स्थापित करना स्थापित उद्यमों में विस्तार, विविधीकरण, आधुनिकीकरण करना सम्मिलित होगा। परियोजना लागत विनिर्माण उद्यम अधिकतम 10 करोड़ रूपए, सेवा उद्यम 5 करोड़ एवं व्यापार क्षेत्र के लिए 1 करोड़ रूपए का प्रावधान है। ब्याज अनुदान 25 लाख रूपए तक 9 प्रतिशत, 25 लाख रूपए से 5 करोड़ रूपए तक 7 प्रतिशत एवं 5 करोड़ रूपए से 10 करोड़ रूपए तक 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान सहायता देय है। साथ ही मार्जिन मनी अनुदान परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अथवा 25 लाख रूपए जो भी कम हो मार्जिन मनी अनुदान राशि देय होगी। 22 जून को आयोजित विशेष कैंप में मौके पर ही आवेदन पत्र तैयार करवाए जाएंगे। योजना में आवेदन करने हेतु एससी एवं एसटी के इच्छुक उद्यमी अपना कार्ड, फोटो, प्रस्तावित प्रोजेक्ट रिपोर्ट, जाति प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड एवं शैक्षणित योग्यता प्रमाण पत्र सहित दो प्रतियां साथ लेकर आवें।

## सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आज से

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं पर बढ़ते अपराध की रोकथाम को लेकर भाजपा नेता संजय धाकड़ के सौजन्य से एवीएस पब्लिक स्कूल में बुधवार से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों द्वारा विधान सभा क्षेत्र की बालिकाओं एवं महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए जाएंगे। बिना हथियार के आत्मरक्षा,अटैक व डिफेंस को ध्यान में रखते हुए मिक्स मार्शल आर्ट की श्रेणी में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। शिविर का समापन 27 जून को होगा।



## राजभवन में पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस आयोजित- बुद्धिजीवियों और क्रांतिकारियों की धरती बंगाल का देश में विशिष्ट योगदान- राज्यपाल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में पश्चिम बंगाल मूल के लोगों से संवाद किया। राज्यपाल मिश्र ने पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध राज्य है । उन्होंने कहा कि साहित्य, कला, संगीत, शिल्प आदि क्षेत्रों में बंगाल का विशिष्ट स्थान है। उन्होंने कहा कि बंगाल बुद्धिजीवियों और क्रांतिकारियों की धरती है, जिसने देश को स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, रविंद्र नाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी महान विभूतियां दी हैं। राज्यपाल मिश्र ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मरण करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल आज भारत का हिस्सा है तो इसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यपाल ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत को साकार करते हुए पश्चिम बंगाल के मूल निवासी आज राजस्थान की संस्कृति में समरस होकर यहां की उन्नति में जो योगदान कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है। उन्होंने उपस्थित जन को संविधान की संस्कृति से जुड़े विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया। राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल के उपस्थित लोगों से परिचय प्राप्त कर उनके बारे में जानकारी भी ली। राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार ने पश्चिम बंगाल की संस्कृति और स्थापना दिवस आयोजन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित पश्चिम बंगाल मूल के लोगों ने बंगाली संस्कृति से जुड़ा गीत भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, राजस्थान में निवासरत पश्चिम बंगाल के मूल निवासी उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 अजमेर, जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा परीक्षा का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 का आयोजन 27 जून 2023 को अजमेर, जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर जिला मुख्यालय पर प्रातः 10 से 12.30 बजे तक किया जाएगा। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त परीक्षा के प्रवेश-पत्र परीक्षा दिनांक से 3 दिवस पूर्व आयोग वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र समयान्तर्गत प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। अभ्यर्थियों को सुरक्षा जांच एवं पहचान के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को पर्याप्त समय पूर्व ही परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होना होगा। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर प्राथमिकता से मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) नहीं होने की स्थिति में विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के आधार पर प्रवेश अनुमत किया जा सकता है। मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन की पूर्णतः पालना करनी होगी। आयोग द्वारा कोरोना संक्रमित अभ्यर्थियों की परीक्षा हेतु पृथक से व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कोरोना संक्रमित अभ्यर्थी को परीक्षा दिनांक से एक दिन पूर्व सायं 04:00 बजे तक कोरोना संक्रमण संबंधी रिपोर्ट मय अन्य दस्तावेज ई-मेल एवं दूरभाष नंबर 0145-2635255 पर सूचित करना आवश्यक होगा। निर्धारित अवधि में सूचना प्राप्त होने पर आयोग द्वारा कोरोना संक्रमण से ग्रसित अभ्यर्थियों के लिए समुचित व्यवस्था की जा सकेगी।

**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्**

RCSE

भू- तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

फोन नं: 0141-2700459 E-Mail:- RAJSMSA.CIVIL@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक:-F-5(1)(187)RCSCE/Civil/SMSA/NIT/2024//Vol-27/D-1763 दिनांक: 16-06-2023

ई-निविदा सूचना संख्या 09 (सिविल)/2023-24

(राजकीय विद्यालयों/डाईट मे निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु)

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा अन्तर्गत स्वीकृत 959 राजकीय विद्यालयों/डाईट के निर्माण/मरम्मत कार्यो हेतु राशि रू. 28801.96 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 4.91 लाख से 101.88 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदाऐं 23/06/2023 प्रातः 10.00 बजे से 04/07/2023 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://rajsmsa.nic.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एव http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी ।

UBN NO RSE2324WSOB00445

राज.संवाद/सी/23/4322 राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक- 572-593 दिनांक- 13-06-2023

**ई-निविदा सूचना संख्याः 02/2022-23**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर.पी डब्लयूए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No.-PWD2324A1025

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2324WSOB05320 | 2. | PWD2324WSOB05322 |
| 3. | PWD2324WSOB05324 | 4. | PWD2324WSOB05325 |
| 5. | PWD2324WSOB05326 | 6. | PWD2324WSOB05327 |

DIPR/C/8754/2023 अधिशाषी अभियन्ता,

# जयपुर महासंगम में ब्राह्मण समाज भरेगा हुंकार, राष्ट्रीय अध्यक्ष आए चूरू

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** सर्व ब्राह्मण महासभा के 3 सितम्बर को जयपुर में आयोजित महासंगम में ब्राह्मण अपने अधिकारों को लेकर हुंकार भरेगा। मंगलवार को चूरू आए सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने महासंगम की जानकारी देते हुए यह बात कही। चूरू के परशुराम भवन में मीडिया से चर्चा करने के बाद समाज की बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने ब्राह्मण महासंगम के आयोजन की पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुए कहा कि महासंगम में राजस्थान भर के लाखों विप्रजन भाग लेंगे। महासंगम में ब्राह्मण समाज को 14 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग सरकार से करेगी। उन्होंने बताया कि ईएसडब्लू प्रमाण पत्र को इतना जटिल बना रखा है कि इसे बनाने में छात्र-छात्राओं को कठिनाई आ रही है। इसका सरलीकरण किए जाने की सरकार से मांग की जाएगी। हर जिला मुख्यालय पर विप्र छात्रावास बने, राजस्थान में परशुराम विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने के साथ ही हर जिले में संस्कृत शिक्षा के लिए गुरुकुल की स्थापना की सरकार से मांग की जाएगी। मिश्रा ने कहा विप्र समाज केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक समाज के लिए संघर्ष करता है। हम बंधुत्वभाव से हर समाज के साथ खड़े है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में सबका अधिकार है कि वह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक रहे। हम समवेत स्वर में एक मंच से विप्र समाज के लिए आवाज उठाएंगे। डॉ.महेश शर्मा ने महासंगम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सामुहिक जवाबदेही के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक का संचालन कर रहे सरपंच राकेश शर्मा ब्रह्मनगर ने महासंगम में जिले की सक्रिय भागीदारी पर चर्चा करते हुए जयपुर जाने की योजना बताई। बैठक में ब्राह्मण महासंगम पोस्टर का विमोचन किया गया। इससे पूर्व सुधाकर सहल, मांगीलाल पाण्डिया, योगेश गौड़, देवकान्त शर्मा, एडवोकेट नरेन्द्र शर्मा , पार्षद विमल शर्मा, गुरुदास भारती, बाबू पाटिल, राजीव बहड़, डूंगरमल जोशी, रामलाल शर्मा, अग्नि शर्मा, निरंजन , रामलाल शर्मा, चाणमल शर्मा व विकास शर्मा सहित अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ईमानदारी ही इंसान के आभूषण

जयपुर टाइम्स



**नागोर(निसं.)।** श्री सवाई गौ सेवा समिति कालड़ी के अध्यक्ष दुर्गा राम शर्मा महाराज, जो लगातार बेजुबान जानवरों की रक्षा करते हैं, गांव को हरा भरा बनाने में समय समय वृक्ष रोपण भी करते हैं, जो हाल ही 101पौधे लगाए थे और सामाजिक सरोकारों में बढ़चड कर भूमिका निभाते है वो भी कोई बिना स्वार्थ से, निष्काम भावना से। जाहिर हैं अभी एक दलित परिवार की बेटियो के अपनी पूरी टीम के साथ हाथ पीले किए। आज एक बार फिर, किसी कार्य हेतु गौ शाला के अंदर चल रही प्याऊ के निर्माण में किसी काम से निकले तो सड़क पर, 13020/रुपए मिले जो प्लास्टिक की केरी बैग में सड़क पर थे। महाराज ने उठाया, ओर बिना गिनने सीधे हो शाला गए अपनी टीम को। सूचित किया और टीम के प्रेम मोदी, दीपाराम वेल्डिंग और जयराम नाथ को बोला आप गिनिए इसमें कितनी राशि हैं। तो तेरह हजार बीस हजार रुपए थे। आज पास सभी को सूचित किया तो कई यो के फोन आए,परंतु इसे संतुष्ट नहीं हुए एक व्यक्ति ने कहा की मेरी अंदर पर्चियां है जिसमे यह यह नाम लिखे हुए हैं तो उससे बुलाया और पहचाने पर सभी के सामने गोकुल राम को राशि लोटाई गई।जो विकलांग भी हैं और तेजाजी मंदिर के पुजारी है जहां आज युवा नशे के लत में चारो तरफ चोरियों को अंजाम देते है , वही आज महाराज जिसे आज के इस युग में मानवता के पुजारी है जो प्रकृति की सेवा भी करते है और ईमानदारी का भी परिचय सभी के सामने है। अभी गांव में एक प्याऊ बना रहे है जो सभी के सहयोग से, पूर्णतया डिजिटल है लागत खर्च अनुमानित दश लाख हैं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नाडी, तालाब अंगोर की सफाई हो चाहे सड़क मार्ग बाधित हो महाराज को सुचना होते ही अपनी टीम के साथ पहुंच जाते हैं दर्जनों भर हरिणो को स्वानो के मुंह से। बचा कर वन विभाग की टीम को रेस्क्यू किया।

# फतेहपुर में योगासन की 12 मूर्तियां सर्किल पर लगाई

जयपुर टाइम्स

**फतेहपुर(निसं.)।** भाग-दौड़ के इस जीवन में आमजन को निरोग रहने के लिए अपनी जीवनशैली की दिनचर्या में योग को शामिल करना जरूरी हो गया है। मानव के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए योग जरूरी है। शहर में भी योग के प्रति जागरूकता लाने के मकसद से नगरपरिषद की ओर से कोतवाली थाने के सामने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं में 12 मूर्तियां लगाई गई है। योग भारतीय संस्कृति की विरासत है। आमजन को योग के प्रति जागरूक करने के लिए सर्किल पर सूर्य नमस्कार की 12 मूर्तियों का निर्माण करवाया गया है। सर्किल के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ योग के जरिए बेहतर स्वास्थ्य का संदेश देने के उद्देश्य से यह स्टेच्यू लगवाया गया है। चौराहों का सौंदर्यीकरण नगर परिषद की प्राथमिकता में है। योगा के पूर्व सन्ध्या पर नगर परिषद की ओर से कोतवाली थाने के सामने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं में 12 मूर्तियां से प्रेरित होकर आइरन अडेकसन जीम की सोनू लालवाणी व सारिका सैन के नृतव में योगाभ्यास किया। लोगों को योगा के लाभ बताए। योग गुरू कमलकुमार सैनी ने बताया कि बुधवार को सुबह सवा पांच बजे से 6:15 तक बुधगिरी मढी पर संत दिनेशगिरी महाराज के सानिध्य में योगा दिवस मनाया जाएगा। सुबह 6 से 7 बजे तक नेचर पार्क मे प्रशासन की ओर से योग दिवस मनाया जाएगा।

# 399 मतदाताओं ने 11 डेलीगेट मेंबर्स के लिए किया मतदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** चूरू जिला सहकारी भूमि विकास बैंक के डेलीगेट मेंबर्स के चुनाव हेतु कृषि उपज मंडी समिति परिसर में मतदान हुआ। पीठासीन अधिकारी छगनसिंह राजपूत ने बताया कि सुजानगढ़ व बीदासर में कुल 22 डेलीगेट मेंबर्स के लिए चुनाव होने थे, जिनमें से 11 का निर्विरोध निर्वाचन हो चुका था। उसके बाद 11 डेलीगेट मेंबर्स के लिए मतदान हुआ है, जिसमें कुल 643 वोटर्स में से कुल 399 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं मतदान करवाने वाली टीम में सहायक पीठासीन अधिकारी सरिता कुमारी, रोहित कुमावत, सालासर जीएसएस के व्यवस्थापक गिरधारीलाल, स्यानण जीएसएस के व्यववस्थापक नथमल बोला, शोभासर जीएसएस के व्यवस्थापक मदन सोनी, मलसीसर जीएसएस के व्यवस्थापक मुकेश शर्मा आदि शामिल रहे। इस दौरान कृषि उपज मंडी परिसर में हलचल रही। पर्याप्त संख्या में पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा। मतदान का परिणाम बुधवार को सुबह जिला मुख्यालय पर आएगा।

## जिला प्रमुख ने उठाई लापरवाही की जांच की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** चूरू जिला प्रमुख वंदना आर्य ने स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पत्र लिखकर राजकीय फतेहपुरिया मातृ व शिशु कल्याण केंद्र के जीर्णोद्धार के मामले में बरती गई अनियमितता व सरकारी लोकार्पण कार्यक्रम में की गई दिशा निर्देशों की अवहेलना के सम्बंध में निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। पत्र में जिला प्रमुख वंदना आर्य ने लिखा है कि सरकारी कार्यक्रम में निजी मेडिकल स्टोर का प्रचार प्रसार करके जिस तरीके से सरकारी दिशा निर्देशों की अवहेलना की गई, उसकी निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जानी आवश्यक है।

## राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष आज चूरू में

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष (राज्यमंत्री) किशनलाल जैदिया बुधवार को 11 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में सभी नगरपरिषद आयुक्त व नगरपालिकाओं के अधिशाषी अधिकारियों के साथ सफाई कर्मचारियों की समस्याओं व नवीन सफाई कर्मचारी भर्ती के संबंध में चर्चा करेंगे तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे।

# विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक कल

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग की अध्यक्षता में गुरूवार, को दोपहर 2 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश गौतम ने बताया कि बैठक में विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# सड़क पर खड्डा दे रहा दुर्घटनाओं को निमंत्रण, लोगों ने किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** रीको एरिया में जसनाथजी मंदिर रोड़ पर गिनानी का नाला टूटने से सड़क के बीचो-बीच बड़ा खड्डा हो गया। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। तुरंत प्रभाव से इसकी मरम्मत करवाने को लेकर आसपास के दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। स्थानीय दुकानदार मनोज कुमार ने बताया कि पिछले 3 दिनों से गिनाणी का नाला टूटने के कारण सड़क के बीचो-बीच बड़ा खड्डा हो गया है। जिसके बारे में नगर पालिका प्रशासन को अवगत करवा दिया गया। बावजूद इसके 3 दिन बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। उक्त मार्ग कृषि मंडी, थोक सब्जी मंडी व रीको एरिया में जाने के लिए मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से दिनभर हजारों की संख्या में दुपहिया एवं बड़े वाहन गुजरते हैं। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिसके लिए स्थानीय दुकानदारों ने प्रदर्शन कर तुरंत प्रभाव से सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है ताकि संभावित हादसे से बचा जा सके। इस अवसर पर संजय कुमार, पवन कुमार, विनोद, मनोज, पालाराम नरेश सहित अन्य दुकानदार व मजदूर मौजूद रहे।

# पांच स्थानों पर मतदाताओं का प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** नए और आम मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया और वोटिंग का प्रशिक्षण देने के लिए पांच जगहों पर ईवीएम रखवाई गई है, जहां पर दिनभर लोग वोटिंग की प्रक्रिया और वोट करने का तरीका समझ सकते हैं। उपखंड अधिकारी मूलचंद लूणिया ने बताया कि सुजानगढ़ तहसील कार्यालय, नगरपरिषद कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय और बीदासर में दो जगहों पर ईवीएम रखवाई गई है। ताकि आम जनता को आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले-पहले मतदान प्रक्रिया और वोटिंग के पारदर्शी तरीके की जानकारी मिल सके। साथ में वीवीपेट मशीन में सम्बंधित प्रत्याशी को दिए गए मतदान के लिए रसीद के बारे में भी जानकारी दी जा रहा है।

## अब यहां लगेंगे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिला कलक्टर सुरेश कुमार ओला ने बताया कि स्थानीय निकाय नगर परिषद् सवाई माधोपुर क्षेत्र के 21 एवं 22 जून को वार्ड नम्बर 47 एवं 48 के महंगाई राहत कैम्पों का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आलनपुर में प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक किया जाएगा। इसी प्रकार 21 एवं 22 जून को सवाई माधोपुर की कुण्डेरा/दोन्दरी, मलारना डूंगर की मलारना चौड़, गंगापुर सिटी की आस्ट्रोली मय सोनपुर, बामनवास की रानीला एवं खण्डार की बहरावण्डा खुर्द में महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# भक्ति का प्रतिबिम्ब है भागवत, कथा का समापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** श्रीराम मंदिर में आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन मंगलवार को संत हरिशरण महाराज ने कहा कि भक्ति का प्रतिबिम्ब है भागवत जिसमें व्यक्ति अपने जीवन का दर्शन करता है।उन्होंने उद्धव प्रंसग पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें है का ज्ञान है तो है का आकर्षण भी। इसलिए वे ब्रज के प्रति आकर्षित हैं। क्योंकि ब्रज की रज में परमात्मा है। जब अच्छा हो रहा होता है तो संसार खुश होता है लेकिन कुछ अप्रिय हो जाए तो वह नाखुश होता है। यह नाखुशी या दुःखी होने का कारण मोहमाया है। हम संसार में मोहित है, जिसे हम अपना मानते हैं उनके प्रति आशक्ति है। यह मोहमाया में लिपटी आशक्ति व्यक्ति को कमजोर बना देती है। क्योंकि हम अपने तक सीमित हैं, संसार को हमने अपना मान लिया क्योंकि हमें रहना है संसार में जिसका परिस्कार कैसे हो यह जाना भी नहीं। हम संतति को इस अपेक्षा से तैयार करते हैं कि वह हमारेलिए करेगा, लेकिन देश की सेवा कौन करेगा, राष्ट्र के प्रति हमारा दायित्व क्या है यह हमने संतति को सिखाया नहीं, यह मोह है तो यह आशक्ति है। इसलिए हमें चाहिए कि परिवार के साथ साथ भारत के प्रति दायित्व बोध की शिक्षा दें। हमारी संतति महान बने वह महापुरुष बनें यह लक्ष्य भी होना चाहिए। कथा समापन पर प्रमोद, राजेश मण्डावेवाला घड़सीराम स्वामी, नागरमल राव, रामप्रसाद शर्मा, रमाकांत सोनी, अनिता, जगदीश प्रसाद शर्मा, योगेश शर्मा, सत्यनारायण कानोडिया, बंशीधर शर्मा, सीताराम लोयल, दीनदयाल चोटिया, विद्याधर शर्मा, करणीराम व श्रीनिवास मास्टर सहित आयोजन समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत की आरती कर मंगलकामनाएं की।

# गांधी दर्शन का प्रशिक्षण 26 को

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं)।** पंचायत समिति सभागार में उपखंड अधिकारी मूलचंद लूणिया के सानिध्य में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शांति एवं अहिंसा विभाग की ओर से आगामी 26 जून को आयोजित होने वाले गांधी दर्शन के ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण की तैयारियों पर चर्चा की गई। उपखंड अधिकारी मूलचंद लूणिया ने बताया कि करीब 250 प्रशिक्षणार्थी इसमें भाग लेंगे। महात्मा गांधी के सिद्धांतों, उसूलों, विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। बैठके में तहसीलदार प्रवीण कुमार, आयुक्त कमलेश कुमार मीणा, विकास अधिकारी शिवकुमार शर्मा, दिनेश पीपलवा, पुरूषोतम चौहान, सविता राठी सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

# योग में शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों के होनहारों ने दुनिया में चमकाया देश का नाम

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)।** हिंदुस्तान की बदौलत योग को फिर से दुनियाभर में पहचान मिली है। इसलिए 21 जून को भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग में सिरसा का भी बहुत बड़ा योगदान है। यहाँ के शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थान के योग खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन व काबिलियत के दम पर न केवल योग की दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धाक जमाते हुए विश्व विजेता होने का खिताब हासिल किया। अपितु दुनिया के नक्शे पर संस्थान, जिला, राज्य व देश का नाम गौरवान्वित किया। इन खिलाड़ियों ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की ओर से बताई गई योग की बारीकियों के बलबूते पूरे विश्व में अपनी विजय पताका फहराई हैं।

शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों ने देश को दर्जनों अंतर्राष्ट्रीय योगा खिलाड़ी दिए है। इन खिलाड़ियों में अंतर्राष्ट्रीय योगा खिलाड़ी नीलम इन्सां, लवजोत इन्सां, स्वप्निल इन्सां, कर्मदीप इन्सां, कीर्ति इन्सां, वयोवृद्ध योगा खिलाड़ी इलम चंद इन्सां सहित अनेक खिलाड़ी है। जिन्होंने राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इन खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जलवा दिखाते हुए चार बार विश्व चैंपियन की ट्रॉफी भारत की झोली में डाली है। अंतर्राष्ट्रीय योगा खिलाड़ी नीलम इन्सां ने अलग-अलग देशों में आयोजित वर्ल्ड कप व एशियन चैंपियनशिप में 32 पदक हासिल किए है। जिनमें 11 गोल्ड, 10 ब्रॉन्ज पदक व 11 सिल्वर पदक शामिल है। इसके अलावा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सैंकड़ों पदक जीत चुकी है। वर्तमान में नीलम इन्सां योग की नई पौध तैयार करने में जुटी हुई है और दर्जनों खिलाड़ी उनके मार्गदर्शन में जिला व राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे है। वयोवृद्ध एथलीट इलम चंद इन्सां अब तक वह 450 से भी अधिक पदक जीत चुके हैं। जिसमें 100 के लगभग अंतर्राष्ट्रीय, 200 राष्ट्रीय, अन्य जिला, ग्रामीण स्तर पर पदक अपने नाम कर चुके हैं। शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थान की एक अन्य योगा खिलाड़ी लवजोत इन्सां ने भी योग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिसने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 7 पदक हासिल किए है। इनमें 1 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य पदक शामिल है। कर्मदीप इन्सां ने लगातार चार बार योगा विश्व कप में भाग लिया है तथा तीन दर्जन से भी अधिक गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कर्मदीप इन्सां ने 15 स्वर्ण, 13 रजत व 9 कांस्य सहित कुल 37 पदक हासिल किए है। 23 साल कीर्ति इन्सां राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय व विश्व योगा चैंपियनशिप में 53 पदक जीत चुकी है। जिसमें से 22 पदक अंतर्राष्ट्रीय योगा में प्राप्त किए है। जिनमें 15 सिल्वर व 7 कांस्य पदक है। शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की एक अन्य अंतरराष्ट्रीय योगा खिलाड़ी स्वप्निल इन्सां भी अब तक कई योगा वर्ल्ड चैम्पियनशिप व एशियन योगा चैम्पियनशिप में भाग लेकर देश को 9 स्वर्ण, 12 ब्रॉज व 9 सिल्वर यानि कुल 30 पदक प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# बीजेपी के लिये क्यो जरूरी हैं राजस्थान

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजस्थान बीजेपी के लिए इतना अहम क्यों है..?, पीएम मोदी के दौरे से अंदाजा लगाया जा सकता है। पीएम मोदी 9 महीने में 7 बार राजस्थान के दौरे पर आए। इस महीने के अंत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राजस्थान आने का कार्यक्रम है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीजेपी राजस्थान के विधानसभा चुनाव को कितना अहम मान रही है। सियासी जानकारों का कहना है कि एक साथ पांच राज्यों के चुनाव होने है इनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। जबकि तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव की पार्टी की मजबूत स्थिति है। ऐसे में बीजेपी के पास राजस्थान और मिजोरम ही दो ऐसे राज्य है, जहां जीत की संभावनाएं है। भाजपा राजस्थान में गहलोत-पायलट की लड़ाई का फायदा उठाना चाहती है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कर्नाटक चुनाव में मिली करारी हार के बाद बीजेपी के सामने आगामी पांच राज्यों में चुनाव जीतना बड़ी चुनौती है। पीएम मोदी सात बार राजस्थान आ चुके हैं। पीएम मोदी के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीज राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का राजस्थान दौरा बन रहा है। पार्टी सूत्रों की मानें तो 27 जून को उदयपुर में अमित शाह तो 29 जून को कोटा में नड्डा का प्रस्तावित दौरा है। ऐसा कहा जा रहा है कि ये दोनों नेता दोनों संभाग में पार्टी को मजबूत करेंगे। राजस्थान में चुनावी साल के लिहाज से शाह और नड्डा का दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों की मानें तो 27 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उदयपुर में जनसभा को संबोधित कर सकते हैं।

**कर्नाटक हार के बाद राजस्थान पर फोकस**

साल के अंत तक देश के पांच राज्यों में चुनाव है। लेकिन बीजेपी ने कर्नाटक में मिली हार के बाद अपना पूरा फोकस राजस्थान पर कर लिया है। बीजेपी के लिए विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिहाज से राजस्थान अहम है। क्योंकि विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन कराना है। लोकसभा चुनाव में बीजेपी लगातार एकतरफ़ा चुनाव जीतती आ रही है। ऐसे में बीजेपी हर हाल में राजस्थान में फतेह करना चाहती है। सियासी जानकारों का कहना है कि कर्नाटक चुनाव में बीजेपी का हिंदुत्व का मुद्दा नहीं चल पाया, ऐसे में पीएम मोदी की योजनाओं के सहारे चुनावी वेतरणी पार करने की कोशिश की जा रही है। महाजनसम्पर्क अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री पदाधिकारी और सांसद सभी जिलों में लोगों से संवाद, सभा और प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने जालोर में चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण - प्रभावितों से संवाद कर राहत कार्यों का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(निसं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को जालोर में बिपरजॉय चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। गहलोत ने जालोर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की तथा अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्र में चल रहे बचाव एवं राहत कार्यो के बारे में जानकारी भी ली। हवाई सर्वेक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने जालोर के आईपुरा, वेडिया तथा आस-पास के क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावितों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राहत एवं बचाव कार्यो में कोई कमी नहीं रखी जा रही है। राज्य सरकार जलभराव की स्थिति को लेकर गंभीर है। सरकार संकट की इस घड़ी में आमजन के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को नियमानुसार आपदा राहत सहायता उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ व एसडीआरएफ द्वारा लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, प्रशासन की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावितों के लिए अस्थाई आवास, भोजन, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत, सफाई आदि का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्तियों, फसल और पशुओं को हुए नुकसान का जल्द से जल्द आकलन कर प्रभावितों को त्वरित सहायता पहुंचाई जाए। इस दौरान आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री गोविंदराम मेघवाल, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिला कलक्टर निशान्त जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के निवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खान के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खान ने बताया कि आगामी 24 जून को टाउन हॉल में होने वाले संयुक्त मोर्चा के सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्ष खान ने बताया कि अल्पसंख्यक समाज ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर सम्मेलन में भागीदारी निभाएं। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि संयुक्त मोर्चा के सम्मेलन में मुस्लिम समाज बड़ी संख्या में पहुंच कर सफल बनाएंगें। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाएगा। मोर्चा के प्रभारी हाजी अब्दुल हबीब अनवर ने बताया कि मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा सुशासन के कार्यकाल के अवसर पर संयुक्त सम्मेलन रखा गया है।



प्रधानमंत्री के 9 वर्ष के सेवा सुशासन व गरीब कल्याण महा जनसम्पर्क अभियान के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश में आयोजित सुफी संत संवाद कार्यक्रम के लिए लगाए गए जिला प्रभारी रमजान मोहम्मद आसलु व सह प्रभारी आमिन शाह खोखर व हबीब लिलगर को पार्टी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सह प्रभारी असगर अली जोईया, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालाण, एसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजित मेघवाल, मोर्चा के जिला संयोजक हाजी शरीफ सोंलंकी, सलीम मणियार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। मोर्चा के महामंत्री मुराद खां एलमाण ने पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शौकत गौरी, रफिक चेजारा, जिला मंत्री बाबू खां तंवर, उत्तर दक्षीण शहर के मण्डल अध्यक्ष बाबु भाई टेलर, ईरशाद भाटी, रतननगर मण्डल अध्यक्ष साबिर कुरेशी, आरिफ गौरी, मुख्तियार खान, सिकन्दर लुहार, एसएल जोईया, शाहरूख खान आदि मौजूद रहे। संचाालन मीडिया प्रभारी आसिफ खान खानजानी ने किया।

# खींवासर को चूरू तहसील में रखने की मांग, एडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** कलेक्ट्रेट में खीवासर गांव को चूरू तहसील में रखने के लिए पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण के नेतृत्व में गांव वालों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। हरलाल सहारण ने बताया कि खींवासर गांव को नई राजस्व व्यवस्था में दूधवाखारा उप तहसील में सम्मिलित किया जा रहा जो कि न्यायसंगत नहीं है। क्योंकि उप तहसील दूधवाखारा के लिए ग्राम पंचायत खीवासर के निवासियों के लिए आवागमन की सुलभ व्यवस्था नही है। दूधवाखारा जाने के लिए ग्रामवासियों को चूरू होकर जाना पड़ेगा। यह ग्रामवासियों के लिए अनावश्यक खर्चा व समय की बर्बादी होगी। ग्राम पंचायत के विकास में बाधा पैदा होगी। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सम्पत सिंह खिंवसर ने बताया कि ज्ञापन देने से पहले 16 जून को ग्राम पंचायत में



खिंवासर गांव को उप तहसील दूधवाखारा में न रखकर चूरू तहसील में रखा जाने का निर्णय लिया गया। ताकि गांव वालों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। इस अवसर पर प्रधान दीपचन्द राहड़, सरपंच ओंकार मल प्रजापत सहित गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आवंटित फ्लेट की सौंपी चाबी तो खिल उठे लाभार्थियों के चेहरे

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** गहलोत सरकार के पूर्व कार्यकाल में लागू की गई अफोर्डेबेल हाउसिंग पॉलिसी के तहत नगरपरिषद के सहयोग से रामसरा रोड पर बनी पार्थ सिटी में आवंटित फ्लेटधारियों को सभापति पायल सैनी ने मंगलवार को फ्लैट्स की चाबी सौपी। इस मौके पर सभापति ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का सपना था कि कम दरों पर लोंगो को आशियाना दिया जाए, लेकिन कुछ समय बाद सरकार बदल गई और इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। हमारी सरकार ने लोगों की इस तकलीफ को समझा और उन्हें उनका आशियाना दिलवा कर उनके सपने पूरे कर रहे है। इसी कड़ी में कुछ आवंटियों को फ्लैट्स का कब्जा उन्हें सौपा। सभापति पायल सैनी ने बताया कि पार्थ सिटी के तहत ईडब्ल्यूएस, एमआईजी व



एलआईजी तीन श्रेणियों में कुल 352 फ्लेट है। इनमें से करीब सारे फ्लैट्स बनकर तैयार है, आवंटित फ्लैट्स धारक अपनी बकाया किश्ते जमा करवा कर जल्द से जल्द अपना घर का कब्जा प्राप्त करें। इस मौके पर डॉ. एफएच गौरी, कांग्रेस नेता शिव कुमार शर्मा, फारूक छिपा, मनोज कुमार वर्मा, बंटी शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# करोड़ों रुपयों की भूमि को ठिकाने लगाने का आरोप, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** सरदारशहर विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को चेयरमैन राजस्व मंडल अजमेर के नाम उपखंड अधिकारी विजेंद्र सिंह को ज्ञापन दिया। इस दौरान विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने जमकर उपखंड कार्यालय के आगे नारेबाजी की। इस दौरान सरदारशहर विकास मंच के अध्यक्ष राजेंद्र राजपुरोहित ने एसडीएम के ऊपर भूमाफियाओं के साथ सांठगांठ कर करोड़ों रुपयों का भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि भूमाफियाओं ने अधिकारियों से मिलीभगत कर करोड़ों रुपए की जमीन को ठिकाने लगाने की रणनीति बनाई है। ज्ञापन में बताया गया कि बीहड़ बुंगली बालाजी मंदिर की भूमि को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमाफिया के नाम करने की साजिश की जा रही हैं। इस भूमि की कीमत आज करीब 100 करोड़ रुपए से ज़्यादा की है। सरदारशहर की जनता को यह



मालूम चला है कि भूमाफियाओं, राजनेताओं व उपखंड अधिकारी ने इस अरबों रुपयों की भूमि को खूर्द बुर्द कर भूमाफियाओं के पक्ष में आदेश करने का निर्णय लिया है। जिससे सरदारशहर की जनता में भारी आक्रोश है। जनता इस प्रकार के किसी भी धार्मिक आस्था से जुड़े चरागाह की भूमि को भूमाफिया के पक्ष में जीते जी नहीं जाने देगी। इस प्रकार का कृत्य यदि किया जाता है तो आने वाले समय में विकास मंच उग्र आंदोलन करेगा। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में सरदारशहर विकास मंच के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को दूसरे दिन भी कार्य का बहिष्कार कर नगर पालिका परिसर में बैठे रहे। उनका कहना है कि पूर्व में भी अधिशाषी अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया था कि सफाईकर्मी भर्ती 2018 में चयनित गैर बाल्मीकि समाज के कर्मचारियों को अपने मूल पद पर लगाएं लेकिन 1 महीने के करीब बीतने के बाद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई है। मजबूरन हमें कार्य का बहिष्कार कर नगर पालिका परिसर में बैठना पड़ा। उनका कहना है कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी तब तक हम इसी प्रकार अपना कार्य का बहिष्कार कर नगर पालिका परिसर में बैठें रहेंगे। इस मौके पर दिनेश, सुनील, कालूराम, बबलू, मनोज, विद्यादेवी, तारादेवी, शिवप्रसाद, दीपक, इंद्र, संजय, आनंद, बांटी, राजेश, विक्रम, कुंदन, आकाश, नवरत्न सहित अनेकों संख्या में पुरुष व महिलाएं सफाई कर्मी भी उपस्थित रही।

# स्थापना दिवस पर प्रतिभाओं को सम्मानित किया

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** देश के प्रथम राष्ट्रपति के नाम पर बने राजेंद्र माध्यमिक विद्यालय का 72वां स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति द्वारा इस विद्यालय की नीव रखी और तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य महाश्रमणजी ने यहां शिक्षा प्राप्त की इसलिए यह महत्वपूर्ण धरोहर है। इसके विस्तार में सभी का सहयोग अपेक्षित है। खुशी की बात यह है कि इस विद्यालय में अल्पसंख्यक बच्चे ज्यादा है और एक बच्ची रुकसार बानो ने कक्षा 10वीं में 85.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में नाम रोशन किया है। समारोह में मुख्य आकर्षण फतेहपुर विधायक हाकम अली खां, ब्लाक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक, तेरापंथ सभा अध्यक्ष सिद्धार्थ चिण्डालिया, रणजीत डागा, मनफूल खां फौजी ने भी संबोधित किया। संस्था अध्यक्ष सुमन भंसाली ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति और आचार्य श्रीमहाश्रमण अंग्रेजी पब्लिक स्कूल



की स्थापना की जानकारी दी। समारोह में विद्यालय स्थापना के समय के छात्र हभीब खां और काशम अली का अतिथियों ने अभिनंदन किया। छात्रा रुकसार बानो का समारोह के अध्यक्ष विनोद डागा ने 11000, विधायक शर्मा ने 5100, शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से 2100 की नकद राशि व प्रतीक चिन्ह देकर अतिथियों ने सम्मान किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रकाश बुच्चा, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष महावीर माली, पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वीसिंह बिदावत ने किया।

# व्यक्ति को सदैव चन्द्रमा के समान शीतलता का व्यवहार करना चाहिए- त्रयम्बकेश्वर

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के ताल मैदान में चल रही श्री वाल्मीकि रामकथा के द्वितीय दिवस श्रद्धालु श्रोताओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। कथा व्यासपीठ पर विराजित वीतराग शिरोमणी समर्थ सन्तश्री त्रयम्बकेश्वर महाराज ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम का व्यक्तित्व एक ओर जहां सूर्य के समान तेज प्रकाशमान है। वहीं चन्द्रमा के समान शीतलता का भी समावेश इसमें है। उन्होंने कहा कि राम का जीवन प्रेरणाओं से परिपूर्ण है। जब - जब स्वाभिमान या जन्मभूमि पर संकट आये तो व्यक्ति को सूर्य के समान तेज, साहस एवं वीरता का पालन करना चाहिए। जबकि माता - पिता गुरुजनों, बड़े बुजुर्गो के समक्ष व्यक्ति को सदैव चन्द्रमा के समान शीतलता का व्यवहार करना चाहिए। यही राम के जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा है। कथा प्रारम्भ से पूर्व आचार्य बालकृष्ण कौशिक की ओर से संगीतमयी हनुमान चरित्र की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष खेतुलाल डागा, संयोजक शोभाकांत स्वामी, मुख्य यजमान बृजमोहन सर्राफ, मंत्री गौरीशंकर कन्दोई, चुन्नीलाल जेसनसरिया, महावीर प्रसाद पारीक मेहरासर, ओमप्रकाश जोशी, सुखाराम तिवाड़ी, गिरधारी लाल पारीक, जगदीश प्रसाद जेसनसरिया, बंशीधर बोहरा, पं बालकृष्ण कौशिक, प्रहलाद राय पांडिया, प्रकाशचन्द्र पारीक, राजेन्द्र प्रसाद जोशी, मदनलाल पांडिया, एडवोकेट माणक चंद भाटी, शंकरलाल पांडिया पूलासर, मदनलाल पांडिया दुलरासर, मुखराम नाथोलिया, शम्भूदयाल पारीक, शंकर एंड शंकर, सम्पत राम जांगिड़, हंसराज सिद्ध, डॉ दिलीप चौधरी, ओम प्रकाश सोनी, बाबूलाल स्वामी, ओमप्रकाश तिवाड़ी, राजेश पारीक, विनोद जोशी, महावीर प्रसाद माली, प्रमोद जोशी, भंवरलाल सोनी, रामलाल सुथार, अवनीष तिवाड़ी, दिलीप सिंह सिसोदिया, प्रकाश पापटान, गौरुलाल चोटिया, सुधीश तिवाड़ी, अनिल सिद्ध, सुधीश तिवाड़ी, जगमोहन गौड़, राहुल तिवाड़ी, खुशहाल कसेरा, गोपीराम जांगिड़, मुकेश राजपुरोहित, पवन सिंह, पंडित शिवकांत पारीक, भवानी स्वामी, नवीन पारीक, पंकज जाड़ीवाल, कृष्ण देरासरी, महेश पांडिया, सुर्या सोनी, अमित पारीक, चंद्रप्रकाश जोशी, मनोज जेदिया, राहुल तिवाड़ी, ओमप्रकाश स्वामी, नरेश भाटी, सुरेश चंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्यजनों ने उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ प्राप्त किया।

# डीबी अस्पताल में पंखे भेंट



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** शहर ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम चोटिया ने मंगलवार को पौत्ररत्न जन्म के उपलक्ष में राजकीय डेडराज भरतीया अस्पताल चूरू को तीन पंखे पीएमओ डॉ. हनुमान जयपाल को भेंट किए। पीएमओ ने इसके लिए चोटिया का आभार जताया। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खान, सामाजिक न्याय व अधिकारिता प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष मुश्ताक खान, सोसल मिडिया कांग्रेस के उपाध्यक्ष महेश मिश्रा, पार्षद सीताराम खटीक, अंजनी शर्मा, गिरधारीलाल भांमी, विनोद खटीक, विश्वनाथ सैनी, गोपाल शर्मा, शंकर सैनी, शंकर सैनी, मुबारक भाटी, आबिद खान मोयल, सिराज जोईया, अब्बास अगवा,मंगतूराम बागडा सहित अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# नेशनल यूथ द्रोणाचार्य बॉक्सिंग में दानिश ने जीता ब्रांज मेडल

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निसं.)।** 12 से 19 जून तक चली छठी यूथ पुरुष नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 ( 18 वर्ष ) में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग एकेडमी राजगढ़ चूरू के बॉक्सर दानिश ने राजस्थान की तरफ से 67 से 71 भार वर्ग में खेलते हुए ब्रोंज मैडल प्राप्त किया है। ये छठी यूथ राष्ट्रीय पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता बान जोर स्टेडियम, गंगटोक , सिक्किम में आयोजित हुई। लोकसांस्कृतिक नेपाली, गोरखा, मणिपुरी तमांग लेप्चा डांस, सोलो डांस व नार्थ ईस्ट के लोकगीतों से ओतप्रोत भव्य सांस्कृतिक समापन समारोह के मुख्य अतिथि सिक्किम स्टेट के मुख्यमंत्री प्रेमसिंह तमांग, शिक्षा खेल व युवा मामलात मंत्री कुंगा नीमा लेप्चा, सिक्किम सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री बेन सोनम लामा, अर्जुन अवार्डी नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के आयोजन सचिव कैप्टेन जसलाल प्रधान, बी एफ आई उपाध्यक्ष व हिमाचल बॉक्सिंग सेक्रेटरी राजेश भंडारी,भारतीय मुक्केबाजी संघ के उपाध्यक्ष एन के निर्वाण, द्रोणाचार्य अवार्डी संध्या गुरंग, उड़ीसा राज्य के बॉक्सिंग सेक्रेटरी अनिल बोइदार,भारतीय मुक्केबाजी संघ के टेक्निकल डेलीगेट व चेयरमैन बीएफआई कोचेज कमीशन राजेश कुमार भंडारी आदि की गरिमामयी उपस्थिति में ट्रॉफी, मैडल व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस छठी राष्ट्रीय पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन सिक्किम के राज्यपाल ने 12 जून को किया था। गौरतलब है कि बॉक्सर दानिश स्थानीय शिक्षक मनोज पूनिया के पुत्र हैं और राजस्थान स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल प्राप्त कर राजस्थान राज्य की तरफ से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वहां इन्होंने केरल के बॉक्सर को पांच जीरो से कर्नाटक के बॉक्सर को भी एक तरफा 5- - 0 से हराया था तथा बिहार के मुक्केबाज को 4--1 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी परंतु बहुत ही कठोर कंटेस्ट व नजदीकी मुकाबले में चंडीगढ़ के मुक्केबाज से पराजय का सामना करना पड़ा। इंडियन बॉक्सिंग टीम के 16 साल चीफ कोच रहे द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप कुमार बघेला ने बताया कि बॉक्सर दानिश पिछले 5 वर्षो से द्रोणाचार्य एकेडमी में तैयारी कर रहा है। 14 वर्ष स्टेट बॉक्सिंग जो कि जोधपुर में हुई थी उसमें भी कांस्य पदक जीता था। पिछले वर्ष हुई स्टेट यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल प्राप्त किया और इस बार स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल प्राप्त कर पहली बार ही नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। इस होनहार 18 वर्षीय मुक्केबाज के ब्रॉन्ज़ मैडल हासिल करने पर मोहता पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रतापसिंह राठौड़, प्रो दिलीप पूनिया, मोहता स्कूल के इंद्र सिंह कांधल, आशादेवी समूह के कौशल पूनिया, रोबिन पूनिया, बाढ़ संस्थान के अध्यक्ष भलेराम पूनिया, राजगढ़ बार संघ के अध्यक्ष चरणसिंह, जोगेंद्र झाझड़िया, महेंद्र फौजी नवा, रामचंद्रसिंह राठौड़, पार्षद हैदर अली,अर्बन कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन राहुल पारीक, संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन मोहता, शैतान सिंह, रवि स्वामी, कृष्ण धनखड़,संतोष पूनिया लाखलान आदि खेल प्रेमियों ने साथ में गए टीम कोच रोहित टोकस व चीफ कोच अनूप सहारन को बधाई दी व आतिशबाजी कर खुशी मनाई। राजगढ़ पहुंचने पर भी विभिन्न संगठनों व युवाओं की ओर से रेलवे स्टेशन व द्रोणाचार्य एकेडमी में उनका स्वागत किया जाएगा।



# प्रशिक्षण शिविर का समापन, प्रशिक्षणार्थियों को किया सम्मानित

**चूरू(निसं.)।** बैंक ऑफ बड़ोदा आरसेटी में चल रहे 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीपीएल कार्डधारी ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं, युवतियों ने भाग लिया। जिसमें ब्यूटी पार्लर से संबंधित जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आरसेटी के निदेशक अमन दीप सिंह मीणा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता के साथ रोजगार प्राप्त करने के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और सभी प्रशिक्षणार्थियो को ब्यूटी पार्लर को एक बडे व्यवसाय के रूप में अपनाकर अपना और अपने परिवार का भविष्य बना सकते है। समन्वयक राजवीर सिंह ने प्रशिक्षणार्थियो कों स्वावलम्बी बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पूरे मनोयोग के साथ अपना व्यवसाय शुरू कर दूसरो को भी अपने पैरो पर खड़े होने



में मदद करें। बैंक ऑफ बड़ोदा आरसेटी चूरू के निदेशक अमन दीप सिंह मीणा ने कहा कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक कार्यो के साथ-साथ समाज सेवा का कार्य भी करना चाहिए। समन्वयक राजवीर सिंह राठौड़ ने आगामी माह के विभिन्न निः शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विक्रम चाँवरिया ने किया।

# शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का समापन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** दुर्गा मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक ब्रह्मचारी शिवेंद्र स्वरूप ने श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न धार्मिक प्रसंग सुनाए। जिसमें भगवान श्री कृष्ण के वात्सल्य व असीम प्रेम के अलावा उनकी विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार कटुता व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज के निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कथा में महाराज श्री ने भगवान श्री कृष्ण की सर्वोपरि लीला रासलीला मथुरा गमन धृष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंस वध शिशुपाल वध व सुदामा चरित का वर्णन कर लोगों को भक्ति रस में डुबो दिया। इस अवसर पर महाराज श्री ने गौ माता की महिमा के बारे में विस्तार से उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। साथ ही गौमाता की अधिक से अधिक सेवा करने की बात कही व हर घर में गौमाता का पालन करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कथा के दौरान महिलाओं से पंडाल खचाखच भरा हुआ था। कथा के दौरान दुर्गा सेवा समिति के प्रमुख मुख्य यजमान लाला राम कुचेरिया, भगवानाराम कुचेरिया, विजय, लालचंद, भजनलाल, रणजीत, मदन, चंदनमल, घासीराम, प्रेमरतन, गोकुलचंद आदि उपस्थित रहे। कथा समापन पर विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियों बैंड बाजों की धुन पर कथा स्थल से झांकियां रवाना हुई जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई गंतव्य स्थान पर पहुंची। कथा में भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा राजलदेसर कस्बा गुंजायमान हो गया।

## राज्य विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष आज सालासर आएंगे

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा बुधवार को सालासर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बोर्ड अध्यक्ष 21 जून को दोपहर 2 बजे लक्ष्मणगढ़, सीकर से प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे सालासर पहुंचेंगे। सालासर बालाजी धाम में दर्शन व पूजा अर्चना के बाद मंदिर मंडल के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे तथा सांय 4 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कृष्णा पूनिया ने निकाली सांसद के खिलाफ भड़ांस

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निसं.)।** विधायक कृष्णा पुनिया ने गाँव गालड में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद राहुल कस्वा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज से पहले सांसद राहुल कस्वा का दादा विधायक रहा, उसका पिता विधायक, उसकी माँ विधायक रही, उसका पिता सांसद ज़िला प्रमुख और प्रधान रहे और राहुल कस्वा खुद लगातार दूसरी बार सांसद हैं। आज तक जिस तरह मैं यहाँ गालड़ की धरती पर खड़ी होकर क्षेत्र के करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के बारे में बता रही हूँ ऐसा कोई एक विकास कार्य बता कर दिखाए। साथ ही विधायक



पद्मश्री कृष्णा पुनिया ने कहा कि ज़िले के सांसद राहुल कस्वा क्षेत्र में विकास कार्य नहीं होने का कारण बताते हैं कि विधायक कृष्णा पुनिया काम नहीं होने देती, पहली बार कि विधायक कृष्णा पुनिया उनको काम करने में अड़चन डालने का ढिंढोरा पीटते हैं ऐसे सांसद को वोट देने का क्या फ़ायदा जो जानता की आवाज़ ही नहीं उठा सके। जनता अब समझदार हो गई हैं क्योंकि हमने विकास कार्यों की कोई कमी नहीं छोडी हैं जिसने शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी सहित सभी विकासशील कार्य विधानसभा की जनता को उपलब्ध करवाये। साथ ही विधायक ने कहा कि मेरा सपना हैं कि क्षेत्र में नहर से खेती हो और नहर लेकर आने की बात की। साथ ही विधायक पुनिया ने कहा इस क्षेत्र की मुख्य माँग राजस्थान रोडवेज़ चलाने की थी जिसको हमने अपने अथक परियासों से शुरू करवाई जो गालड़ से चलकर वाया राजगढ़ चूरु होते हुए रतनगढ़ तक जाती हैं। रेजडी गाँव के 8वी के स्कूल को 12 वी में क्रमोन्नत करवाया। रेज़डी में उप स्वास्थ्य केन्द्र भी शुरू हो चुका हैं जिसका भवन भी बनकर तैयार हो गया। विधायक कृष्णा पूनिया ने अपने संबोधन में 4 साल में जो विकास कार्य करवाए उनके बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान शहर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, हाँसी से कांग्रेस प्रत्याशी प्रेम मलिक, नगर अध्यक्ष पवन सैनी, वरिष्ठ नेता करतार टाँडी, रामकुमार मुहाल, धर्मवीर सिहाग, रामस्वरूप लाठर, ओमप्रकाश सरपंच प्रतिनिधि, धर्मपाल मेघवाल सरपंच प्रतिनिधि, रामसिंह कस्वा, नंदलाल गौस्वामी, महेंद्र सहारण, सुरेश भाटिया व चिकित्सा विभाग के अधिकारियों सहित हज़ारों ग्रामीण मौजूद रहे। मंच संचालन कृष्ण वर्मा ने किया।

### बांसवाड़ा का रहने वाला था मृतक, कल्याण कॉलेज का था स्टूडेंट्स

# सीकर के मेडिकल कॉलेज में स्टूडेंट की मौत, हॉस्टल के पीछे मिला शव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/सीकर।** एमबीबीएस के फर्स्ट ईयर स्टूडेंट की मौत का मामला सामने आया है। स्टूडेंट का शव आज सुबह हॉस्टल के पीछे पड़ा मिला। फिलहाल पुलिस ने शव को एसके हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने हादसे की सूचना स्टूडेंट के बांसवाड़ा रहने वाले परिवार को दी थी। देर शाम परिवार सीकर पहुंचा। एमबीबीएस फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट हनिमेश खांट (20) सीकर के कल्याण मेडिकल कॉलेज का स्टूडेंट था। वह बांसवाड़ा का रहने वाला था। वह कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में ही ग्राउंड फ्लोर पर कमरा नंबर 126 में रहता था। स्टूडेंट का शव मिलने की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस हॉस्टल में रहने वाले अन्य स्टूडेंट्स से पूछताछ में जुटी है। वहीं एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। शव सबसे पहले कॉलेज के एनेस्थीसिया



डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर जगदीश ने देखा था। वह सुबह करीब 6 बजे कैंपस में मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इस दौरान पीछे की तरफ शव देखा। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

#### भाई बोला -उसे मारा गया

हादसे की जानकारी पर परिवार बांसवाड़ा से देर शाम सीकर पहुंचा। स्टूडेंट के माता-पिता और भाई हॉस्टल भी पहुंचे। मृतक के भाई अभिषेक ने कहा कि मेरे भाई का मर्डर हुआ है। यदि वह छत से भी गिरता तो उसके सिर में चोट आती। जब परिवार वालों ने पुलिस के साथ शव मिलने वाली जगह और रूम को देखा तो उन्हें मौके से कोई भी नोट नहीं मिला। रोते हुए अभिषेक बार-बार कहता रहा कि मेरा भाई चला गया।

#### मां बोलीं- हत्यारों को पकड़ो, शव नहीं लेंगे

स्टूडेंट की मां शारदा ने कहा कि मेरे बेटे को मारा गया है। जब तक हत्यारे पकड़े नहीं जाते वह शव को नहीं लेंगे। शारदा ने कहा कि आज मेरा बेटा मरा है,कल किसी और का मरेगा। मां ने कॉलेज में पढ़ने वाले कई स्टूडेंट्स से पूछा भी कि उन्होंने कल चिल्लाने की कोई आवाज सुनी या नहीं लेकिन किसी स्टूडेंट को भी कुछ नहीं पता। पिता रमेश चंद ने कहा कि वह और उनकी पत्नी दोनों टीचर हैं। बेटा पढ़ाई में होशियार था। 12वीं क्लास में ही उसने 94% अंक हासिल किए थे।

#### घर से वापस आकर चुप-चुप रहने लगा था

गर्मियों की छुट्टी के बाद 12 जून को ही घर से लौटा था। वापस आने के बाद वह चुप-चुप रहने लगा था। सभी क्लास भी नहीं ले रहा था। उसके साथियों ने इस बारे में पूछा भी था, लेकिन वह जवाब नहीं देता था। परिवार का कहना है कि छुट्टियों के बाद जब वह सीकर आ रहा था तो काफी ज्यादा उत्साह में था। उन्हें नहीं पता था कि अब उनका बेटा कभी वापस नही लौटेगा।

#### आखिरी बार बरामदे में मोबाइल चलाते दिखा था

स्टूडेंट्स ने पूछताछ में बताया कि हॉस्टल के कमरों में मोबाइल नेटवर्क ठीक से काम नहीं करता है। ऐसे में सोमवार रात करीब 9 बजे हनिमेश हॉस्टल के ग्राउंड फ्लोर के बरामदे में मोबाइल चला रहा था। हॉस्टल में रहने वाले अन्य स्टूडेंट्स ने आखिरी बार उसे मोबाइल चलाते हुए देखा था। इसके बाद सुबह उसकी मौत का पता चला।

#### कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद

परिवार ने सदर थाना अधिकारी अशोक चौधरी और शहर डिप्टी वीरेंद्र शर्मा को कैंपस में लगे सीसीटीवी दिखाने की बात कही। तब सामने आया कि सीसीटीवी कैमरे चालू नहीं थे। वहीं सूत्रों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले कैंपस में सीनियर लड़कों ने किसी जूनियर छात्रा पर दबाव भी बनाया था। उस दौरान भी सीसीटीवी कैमरा को चालू करवाने की बात उठी लेकिन अभी तक सीसीटीवी कैमरे चालू नहीं करवाए गए।

## लंबित ऋण आवेदनों का हो त्वरित निस्तारण : सिहाग



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं)।** जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने कहा है कि जिले के बैंकों में इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना और एनआरएलएम की ओर से गठित स्वयं सहायता समूहों के लंबित ऋण आवेदनों का त्वरित निस्तारण हो। जिला कलक्टर सिहाग मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैंकों में लंबित चल रहे ऋण आवेदनों को 15 जुलाई 2023 तक निस्तारण करने तथा भारतीय स्टेट बैंक को ऋण जमा अनुपात को भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार कम से कम 60 प्रतिशत तक बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की ओर से वार्षिक साख योजना के लक्ष्य प्राप्त नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए बैंक के प्रतिनिधि को प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए और कहा कि आवश्यक प्रगति न मिल पाने की स्थिति में सभी सरकारी विभागों के खाते भारतीय स्टेट बैंक से अन्य बैंकों में ट्रान्सफर करने की अनुशंसा की जाएगी। इस दौरान उपस्थित किसान प्रतिनिधियों उमराव सिंह और उगन लाल चौधरी ने बैंकों की ओर से केसीसी जारी करने के लिए लीगल सर्च के खर्चे को कम करने, एक समान करने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबन्धित विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। उद्योग महाप्रबंधक नानु राम गहनोलिया ने जिले में बीआरयुपीवाई योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय पर 22 जून को आयोजित होने वाले कैम्प में बैंकर्स से अधिक से अधिक भाग लेने और अधिकतम ऋण वितरण करने का आग्रह किया। इस दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा, झुंझुनू के उपक्षेत्रीय प्रबन्धक पालाराम, नाबार्ड झुंझुनू डीडीएस राजेश मीना, आरबीआई जयपुर के सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र बालोत सहित बैंकों के जिला समन्वयक व अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षित युवा उद्यमियों को सरकार देगी मार्जिन मनी व ब्याज अनुदानयुक्त ऋण

जयपुर टाइम्स

**चूरू (निसं)।** राज्य के युवा उद्यमियों को बढावा देने व शिक्षित युवा बेरोजगारों को अपना नवीन उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना''लागू की गई है। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि योजनान्तर्गत 18 वर्ष से 35 वर्ष तक की आयु के उद्यमियों को उद्योग, सेवा व व्यापार से संबंधित गतिविधियों में 1 करोड़ तक का ऋण तक ब्याज अनुदान व मार्जिन मनी अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत 25 लाख रूपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत, 25 लाख से 1 करोड़ रूपये तक के ऋण पर 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा पुरूष उद्यमियों को 10 प्रतिशत एवं महिला उद्यमियों को 15 प्रतिशत व अधिकतम 5 लाख रूपये तक की सीमा तक मार्जिन मनी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना अन्तर्गत केवल नवीन उद्यमों को स्थापित करने के लिए ऋण का प्रावधान है, जिसमें न्यूनतम स्नातक स्तर तक के युवापात्र होंगे। योजना 31 मार्च 2024 तक प्रभावी रहेगी तथा वर्तमान में आवेदन की प्रक्रिया ऑफलाईन है। उन्होंने नवीन उद्यम स्थापित करने की चाह रखने वाले युवाओं से अपना आवेदन मय परियोजना रिपोर्ट जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र कार्यालय में प्रस्तुत करने का आह्वान किया है।

### फसल बीमा क्रॉप कटिंग देने की मांग को लेकर कर रहे आंदोलन

## किसानों ने रैली निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं)।** कलेक्ट्रेट के आगे फसल बीमा क्लेम क्रॉप कटिंग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट के चारो तरफ विरोध रैली निकाली गई। सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निर्मल प्रजापत ने बताया कि पिछले 20 दिनों से राज्य सरकार को किसानों के फसल बीमा क्लेम को लेकर कलेक्टेऊट के आगे धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया जा रहा है। लेकिन सरकार ने अभी तक हमारी मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया है। जिसे लेकर आज हमने कलेक्टेट के चारों तरफ सरकार को



हमारी मांगों को पूरा करने के लिए विरोध रैली निकाली गई। विरोध रैली में किसानों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। प्रजापत ने बताया कि किसानों ने राज्य सरकार को फसल बीमा क्लेम क्रॉप कटिंग से देने के लिए मांग रखी है। लेकिन इस सरकार के कानों में हमारी आवाज तक सुनाई नहीं दे रही हैं। किसानों ने कलेक्टेट के आगे पिछले 20 दिनों से अपने घर छोड़ कर धरने पर बैठे है। इनका यहीं पर ही खाना-पिना चल रहा है। बल्कि ये किसान अपनी मांगों को लेकर रात को तंबु में ही सोते हैं। लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक कोई प्रस्ताव हमारे पास नहीं आया हैं। इसलिए मजबूर होकर हमने विरोध रैली निकालकर विरोध जताया है। इस अवसर पर सभा के जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड़, सभा के छगनलाल व महामंत्री उमराव सिंह सहित सैंकड़ों किसानों ने विरोध रैली निकाली।

## बैंककर्मियों का धरना जारी, 880 शाखाओं में बाधित रहा काम

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं)।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के कर्मचरियों का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन में जारी रहा। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पिछले तीन साल से सभी संवर्ग में भर्ती नही करने के विरोध में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी व अधिकारी संघ ने लागातार दूसरे दिन भी मंगलवार को भी हड़ताल जारी रही। बीआरकेजीबी एवं बैंक ऑफ बड़ोदा मैनेजमेंट की तानाशाही एवं कर्मचारियों विरोधी नीतियों के विरुद्ध बीआरकेजीबी क्षेत्रीय कार्यालय चूरू के समक्ष प्रदर्शन व मैनेजमेंट विरोधी नारे लगाकर विरोध किया गया। हड़ताल के चलते जिले की 89 एवं बैंक की 880 शाखाओं में दूसरे दिन भी कामकाज बंद रहा। इस मौके पर अधिकारी संघ अध्यक्ष राजेन्द भादू, कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय बरबड़, श्रीकान्त गिरी, फुलाराम मीणा, सकील खान, सुधीर दनेवा, मनोज प्रजापत, राजेश बुडानिया, सोनू शर्मा, विवेक कस्वां, सुनील कस्वां, रूपनारायण शर्मा सहित जिले भर से बैंक के सेवारत्त एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।



## तीन नकाबपोश लुटेरों ने बीच रास्ते रोका

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं)।** प्राइवेट बैंक के एक एसोसिएट रिलेशन मैनेजर से लूट का मामला सामने आया है। मैनेजर लोगों से लोन के रुपए कलेक्ट कर बैंक में जमा करवाने के लिए जा रहा था। इस दौरान लुटेरों ने बीच रास्ते में उसकी बाइक रोककर वारदात को अंजाम दिया। सीकर जिले के थोई थाना क्षेत्र की है। पुलिस को दी रिपोर्ट में शीशराम (28) निवासी जस्सी का बास, नीमकाथाना ने बताया कि वह आईडीएफसी प्राइवेट बैंक, श्रीमाधोपुर में एसोसिएट रिलेशन मैनेजर के पद पर कार्यरत है।

## एईएन को हटाने की मांग, किसानों ने किया धरना प्रदर्शन, आज बीकानेर मार्ग करेंगे जाम



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं)।** भादासर ग्रामीण डिस्कॉम कार्यालय के आगे मंगलवार को आरएलपी नेता लालचंद मूंड के नेतृत्व में किसानों ने नरेंद्र पारीक पर राजनैतिक पार्टी से जुड़ा होने का आरोप लगाते हुए उसे तुरंत प्रभाव से हटाने की मांग की। इस दौरान आरएलपी नेता मूंड ने कहा कि एईएन नरेंद्र पारीक राजनीति से प्रभावित होकर ग्रामीणों को बेवजह परेशान कर रहे हैं और किसानों से विजिलेंस व संबंधित कार्यों के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने अधिशासी अभियंता चमनलाल ऐरि को ज्ञापन देकर भेदभाव के आरोप लगाते हुए पारीक को तुरंत प्रभाव से हटाने की मांग की। राष्ट्रीय तेजवीर सेना के अध्यक्ष राकेश चौधरी ने कहा कि 10 दिन पूर्व भी इस संबंध में ज्ञापन दिया था। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अगर बुधवार को 11 बजे तक किसानों की मांगे नहीं मानी गई तो बीकानेर रोड़ को जाम कर बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता चमनलाल ऐरी ने कहा कि किसानों की मांगों से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है जो भी आदेश प्राप्त होंगे उसके अनुसार किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के प्रयास किए जाएंगें। इस मौके पर मदनलाल ढाका, सांवरमल जाखड़, राकेश चौधरी, मुकेश, किशन, कुंभाराम, शिवरतन, महेंद्र, नोपाराम, किसनाराम, रामचंद्र, नरेश, किशन लांबा सहित अनेक किसानों ने धरना देकर प्रदर्शन किया।

#### पीएमईजीपी योजना में आवेदन के लिए शिविर 26 जून से

**चूरू(निसं)।** पीएमईजीपी योजना में ऋण आवेदन तैयार करवाने, विभिन्न वित्तीय बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रों को स्वीकृति व ऋण वितरण के लिए 26 जून से जिले के विभिन्न उपखंडों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। राजस्थान खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड के संभाग अधिकारी मदनचंद स्वामी ने बताया कि 26 जून को राजगढ़, 27 जून को तारानगर व 28 जून को सुजानगढ़ में सवेरे 11 बजे से सांय 4 बजे तक शिविरो का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने संबंधित अधिकारियों को शिविर आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

जयपुर टाइम्स

**चूरू (निसं) ।** सरदारशहर के जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6 में चयन प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य हरीश कुमार मीणा ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त सरकारी या गैर सरकारी विद्यालय में सत्र 2023-24 में अध्ययनरत विद्यार्थी जिनकी जन्मतिथि 01 मई, 2012 से 31 जुलाई, 2014 तक हो, आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त, 2023 है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल www.navodaya.gov.in पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है तथा प्रवेश परीक्षा 20 जनवरी, 2024 को सवेरे 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## सुजलांचल के लिए सुजला जिला जरूरी, 80 दिन से धरना जारी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं)।** दशकों पुरानी सुजला जिला की मांग को लेकर सुजला महा सत्याग्रह की ओर से गांधी चौक में लगातार 80 दिनों से धरना जारी रहा। सुजला महा सत्याग्रह के संयोजक श्रीराम भामा ने कहा कि सरकार के उदासीन व पक्षपात पूर्ण रवैया के खिलाफ आमजन का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के गांधीवादी जननेता अशोक गहलोत ने अब भी सुजला क्षेत्र के लाखों लोगों के हक-अधिकार की आवाज को संवेदनशीलता से नहीं सुना तो आने वाले विधानसभा चुनाव में सरकार को आधे दर्जन से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में नुकसान उठाना पड़ेगा। सुजला महा सत्याग्रह के सहसंयोजक किशोर दास स्वामी ने बताया कि युवा पीढ़ी को अब एकजुटता के साथ संगठित होकर जिले आंदोलन को आगे बढ़ाना होगा। शेरसिंह भाटी, गोविंद जोशी, इकबाल खान, इलियास खान, युसूफ गौरी, ओम प्रकाश, विनय प्रजापत, पूसादास स्वामी, दीनदयाल सेन, अमराराम चौधरी, महबूब अली गौरी, मोहित प्रजापत, भंवरलाल गिलान, हाकम अली खान, ठाकुर धनराज सिंह सहित अनेक लोगों ने उपस्थित रहकर सुजला जिला की मांग को लेकर नारेबाजी की व प्रदर्शन किया।

### 7 जिलों की पंचायतों में निर्धारित मानक पूरे

# राजस्थान में 29 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त : एक साल में 1440 पंचायतों में चलाया अभियान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं)।** राजस्थान में अगस्त 2022 में शुरू किए 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' के तहत 29 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। ये अभियान प्रदेश की 1440 पंचायतों में चलाया गया। इसमें से 29 पंचायत निर्धारित मानकों पर खरी उतरने के बाद उन्हें टीबी मुक्त घोषित किया गया। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया इस अभियान के लिए जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, टीबी उपचारित रोगियों, टीबी चैम्पियन, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा सहयोगिनियों और स्वास्थ्य मित्र कार्यकर्ताओं के ग्रुप बनाए गए। इन ग्रुपों के सहयोग से व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने के साथ ही पंचायत के टीबी रोगियों को जांच और उपचार-परामर्श सुविधाएं उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता और टीबी कार्मिकों ने सभी सम्पूर्ण पंचायत क्षेत्र की जनसंख्या का एक साल में दो बार स्क्रीनिंग करते हुए संभावित टीबी लक्षणों वाले लोगों की पहचान की और उनको नि:शुल्क टीबी का ट्रीटमेंट शुरू करवाया।

#### इन ग्राम पंचायत को घोषित किया टीबी मुक्त

राज्य टीबी अधिकारी डॉक्टर विनोद कुमार गर्ग ने बताया कि प्रदेश की 1440 पंचायतों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया, जिनमें से 29 पंचायतों में निर्धारित मानक पूरे मिलने पर उन्हें टीबी मुक्त घोषित किया। इसमें अलवर जिले की पहल, कुंडला, दुबी, चुरू जिले की डाधर, साहू, डोकवा, वार्ड नंबर 08, कानूता, गुड़ावाड़ी, वार्ड नंबर 17, जांडवा, कुसुमदेसर, वार्ड नंबर 15, वार्ड नंबर 9 और भैंसाली, हनुमानगढ़ जिले की झंडा वाला सीखा और बेहरवाला पंचायत, जैसलमेर जिले की मांडवा और बादली, झुंझनूं जिले की बुढाना, संजय नगर, वार्ड 13 और चवासरी पंचायत, सीकर जिले की ढाणी गुमान सिंह, मलिकपुर, मावंडा खुर्द और चौनपुरा तथा बूंदी जिले के वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 8 शामिल है।

## सिलेंडर में लगी आग, 4 कैदी झुलसे

जयपुर टाइम्स

**जैसलमेर (निसं)।** जेल में खाना बनाते समय सिलेंडर के पाइप ने आग पकड़ ली। आग से खाना बना रहे चार कैदी झुलस गए, दो को गंभीर हालत में जोधपुर रेफर किया गया है। चारों अलग-अलग मामलों में जैसलमेर जेल में बंद थे। जेल प्रशासन घटना के कारणों की जांच कर रहा है। कोतवाली थाने के एसआई मोहम्मद हनीफ ने बताया कि जेल में दोपहर के समय कैदी खाना बना रहे थे। इस दौरान अचानक सिलेंडर के पाइप में आग लग गई। पाइप में आग लगते ही फैल गई, जिससे खाना बना रहे चार कैदी भगाराम, तेजाराम, मुकेश और महेंद्र झुलस गए।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।